आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 6, अंक 215, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका-यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की 1 जुलाई से यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी।

# हर गांव के नियत दायरे में हो ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा: शाह

**केंद्रीय गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी। प्रत्येक गांव के दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा देने की बात कही।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे। गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। कहा कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अधिक सहयोग का आग्रह किया। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

# सुबह सीजफायर... दिनभर हमले रात को जंग के खात्मे का एलान

**इजराइल-ईरान युद्ध : ट्रंप की ओर से जंग रोकने की घोषणा के चंद घंटे में टूटा था संघर्ष विराम**

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी



मिसाइल हमले में इजराइल के बीरशेबा शहर में क्षतिग्रस्त इमारतें।


- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 लोगों की मौत और 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। हालांकि देर शाम ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की ओर से जंग के खात्मे का एलान किया गया। इस तरह इजरायल के साथ 12 दिन की जंग का अंत हो गया।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने और शासन के लक्ष्यों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए गहन अभियान फिर से शुरू करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। ट्रंप की घोषणा और संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी। ईरान ने भी मंगलवार की सुबह इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

### नेतन्याहू से बोले ट्रंप, अब सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे



दुबई। अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले किए जाने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि वह आगे अमेरिका से आक्रामक सैन्य कार्रवाई की उम्मीद नहीं करें। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार को ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर अमेरिका की बमबारी के बाद ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा कि अब युद्ध रोकने और कूटनीतिक वार्ता की ओर लौटने का समय आ गया है। ट्रंप का रुख था कि अमेरिका ने ईरान द्वारा उत्पन्न किसी भी आसन्न खतरे को दूर कर दिया है।

### अब परमाणु हथियार नहीं बनाएगा ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान अब परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और ईरान में सत्ता परिवर्तन भी नहीं होगा, क्योंकि इससे वहां अराजकता फैल सकती है। ट्रंप ने ये भी कहा कि चीन अब ईरान से तेल खरीद सकता है। साथ ही वो चाहेंगे कि वो अमेरिका से भी तेल खरीदें।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

# भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16.3% होगी हिस्सेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी
- 2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि

**अमृत विचार** : यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### राजस्व में भी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10.6% बढ़कर 69.4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12.3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6.6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13.3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11.3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5.9% प्रत्येक) रहेंगे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

## गृह मंत्रालय ने जैन व भारद्वाज के खिलाफ जांच को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आम आदमी पार्टी ने किया आरोपों से इनकार

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अस्पताल परियोजनाओं में देरी से संबंधित कथित घोटाले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी जांच को मंजूरी दे दी है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोपों से इनकार किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह नियमित परियोजनाओं में देरी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि सक्षम प्राधिकारी ने अस्पताल घोटाले में दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा जांच की मंजूरी दे दी है।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा। सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने मुद्दे को उठाया।

## अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को आज रवाना होंगे शुभांशु



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बुधवार 25 जून को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) रवाना होंगे। एक्सिओम-4 बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार तड़के 2:31 बजे अमेरिका से उड़ान भरेगा। एक्सिओम-4 गुरुवार सुबह सात बजे आईएसएस पर पहुंचेगा। इसके तहत चार सदस्यीय चालक दल 14 दिनों के मिशन पर होगा और लगभग 60 अनुसंधान करेगा। इस दल के आईएसएस पर रहने के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा किए जाने वाले सात प्रयोग शामिल हैं। प्रक्षेपण स्थानीय समय के अनुसार 2:31 बजे और भारतीय समयानुसार बुधवार/गुरुवार को 12:01 बजे होने की संभावना है।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

# दिल्ली-मुंबई समेत प्रमुख हवाई अड्डों पर मिलीं सुरक्षा खामियां

**विमानन नियामक ने अहमदाबाद हादसे की पृष्ठभूमि में कराई थी हवाई अड्डों की जांच**

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि प्रमुख हवाई अड्डों पर की गई निगरानी में विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में कई खामियां सामने आई हैं। नियामक ने कहा कि इनमें कई ऐसे मामले शामिल हैं, जहां विमान में खामियां फिर से दिखाई दीं और रनवे पर केंद्र रेखा का निशान धुंधला हो गया था। अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पृष्ठभूमि में की गई इस जांच में उड़ान संचालन, उड़ान योग्यता, रैंप सुरक्षा, हवाई यातायात नियंत्रण, संचार, नेविगेशन प्रणाली और उड़ान-पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया था।

नागर विमानन महानिदेशालय ने बयान में विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में एयरलाइन कंपनियों या किसी अन्य इकाई का नाम बताए बिना कहा कि सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए संबंधित पक्षों को सात दिन के भीतर निष्कर्षों के बारे में बता दिया गया। बयान में कहा गया कि निगरानी के दौरान, एक अनुसूचित एयरलाइन की घरेलू उड़ान घिसे हुए टायरों के कारण रुकी हुई पाई गई। नियामक ने कहा कि ऐसे कई मामले थे,





जिनमें पहले पता चल चुकी खामियां विमान में फिर से दिखाई दीं, जिससे अप्रभावी निगरानी और अपर्याप्त सुधार का संकेत मिलता है। नियामक ने यह भी पाया कि एक सिम्युलेटर विमान की बनावट से मेल नहीं खा रहा था और सॉफ्टवेयर भी वर्तमान संस्करण में 'अपडेट' नहीं किया गया था। संयुक्त महानिदेशक के नेतृत्व में दो दलों ने दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों सहित प्रमुख हवाई अड्डों पर रात और सुबह के समय निगरानी की।

### कई उपकरण खराब, लाइफ जैकेट भी नदारद

डीजीसीए के बयान में कहा गया कि निगरानी के दौरान 'बैगेज ट्रॉली' जैसे उपकरण खराब पाए गए। विमान के रखरखाव के दौरान कार्य आदेश का पालन नहीं किया गया था और अनुपयोगी 'थ्रस्ट रिवर्सर' प्रणाली और 'फ्लैप स्लैट लीवर' को लॉक नहीं किया गया था। रखरखाव के दौरान, विमान रखरखाव इंजीनियर द्वारा विमान रखरखाव मैनुअल के अनुसार सुरक्षा सावधानियां नहीं बरती गईं। डीजीसीए ने पाया कि विमान में कई जीवन रक्षक जैकेट उनकी निर्धारित सीट के नीचे ठीक से नहीं रखे गए थे। कई हवाई अड्डों के आसपास नए निर्माण के बावजूद कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया था। डीजीसीए ने कहा कि विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में जोखिमों का पता लगाने के लिए भविष्य में व्यापक निगरानी जारी रहेगी।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे
- राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्रार्पण संस्था के राष्ट्रीय संयोजक राज किशोर का स्वागत जेके फॉर्म सुभाष नगर चुंगी शाम 6 :30 बजे
- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के शिष्ट मंडल का राज्यकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 के कार्यालय पर ज्ञापन दोपहर 12 बजे
- श्रीमद् भागवत कथा और कलश यात्रा बिहारी जी मंदिर बिहारीपुर सब्जी मंडी से दोपहर 3 बजे
- उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी का चुनाव पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर सुबह 11 :30 बजे

# छत्रपाल गंगवार ने संसदीय क्षेत्र में लाइटों पर खर्च की पूरी निधि

## पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने बहेड़ी क्षेत्र में शवदाह गृह के लिए दिए 84 लाख, आंवला सांसद ने पिछले साल की निधि बदायूं जिले के विकास कार्यों पर खर्च की

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपनी निधि का पूरा पैसा संसदीय क्षेत्र में लाइटों को लगवाने में खर्च किया है। अब सिर्फ 12 लाख रुपये ही उनकी निधि में बचे हैं। वहीं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने लोकसभा क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा में शवदाह गृह के निर्माण में 84 लाख रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। जबकि आंवला सांसद ने निधि का पैसा बदायूं जिले के संसदीय क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च किया। पिछली बार उन्होंने एक भी प्रस्ताव को जिले को नहीं दिए थे।

सरकार सांसदों को क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये की निधि हर साल देती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार सांसद बने छत्रपाल गंगवार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 प्रतिशत टैक्स की कटौती के बाद निधि के मिले चार करोड़ 90 लाख रुपये में से 4 करोड़ 78 लाख 28 हजार रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दो करोड़ 10 लाख 73 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है और यह पूरी धनराशि खर्च हो चुकी है। अभी 2 करोड़ 67 लाख रुपये की धनराशि जारी होनी शेष है।

सांसद की ओर से दिए गए 69 प्रस्ताव स्वीकृत हो गए हैं, जिसमें से दो कार्य पूरे हो चुके हैं और 40 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 27 कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार निधि के 4 करोड़ 78 लाख रुपये लोकसभा क्षेत्र में हाईमास्ट लाइटों को लगवाने पर खर्च किए हैं। अब तक 95 लाइटें स्वीकृत हुई हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 19 से 20 लाइटें चिह्नित स्थलों पर लगेंगी। तीन करोड़ से अधिक के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि एक करोड़ 64 लाख के प्रस्ताव पिछले माह मंजूर हुए हैं।

वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने बहेड़ी क्षेत्र में शवदाह गृह बनवाने के लिए 83 लाख 90 हजार रुपये निधि से दिए हैं। पूरी धनराशि स्वीकृत कर दी गई है लेकिन जारी नहीं हुई है। उनकी ओर से दिए गए 24 प्रस्ताव में से एक भी कार्य शुरू नहीं किया गया है।

**आंवला सांसद इस बार 2.31 करोड़ से लगवाएंगे लाइटें**

पिछले साल लोकसभा क्षेत्र के फरीदपुर, बिथरीचैनपुर और आंवला के लिए कोई प्रस्ताव नहीं देने वाले आंवला सांसद नीरज मौर्य इस बार तीनों विधानसभा क्षेत्रों में लाइटों को लगवाने पर जोर दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उनकी ओर से अब तक 118 लाइटों को लगवाने के लिए 2 करोड़ 31 लाख रुपये के प्रस्ताव दिए हैं, जबकि बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चार करोड़ 90 लाख की धनराशि आवंटित हो गई है, हालांकि, अभी प्रस्ताव नहीं दिए गए हैं।

> बरेली सांसद के पिछले वर्ष अधिकांश प्रस्ताव हाईमास्क लाइटों के हैं। पीलीभीत सांसद ने बहेड़ी में शवदाह गृह के लिए निधि से प्रस्ताव दिए हैं। आंवला सांसद के इस बार ढाई करोड़ से लाइटें लगवाने के प्रस्ताव मिले हैं।
> **-चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव,** पीडी डीआरडीए

जबकि आंवला सांसद नीरज मौर्य ने बीते वर्ष निधि का पैसा विकास कार्यों पर खर्च करने के लिए बदायूं जिले को नोडल अधिकारी बनवाया था। फरीदपुर, बिथरीचैनपुर और आंवला के लिए कोई प्रस्ताव नहीं दिए गए थे।

# लाखों खर्च मगर पुलों के नीचे की जगह नहीं बन सकी स्मार्ट

## हरियाली, बैठने की जगह और लाइटिंग की व्यवस्था होनी थी पर हो गया अतिक्रमण

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के पुलों के नीचे की जगह को खूबसूरत और उपयोगी बनाने की योजना बनी थी। यहां हरियाली, बैठने की जगह और लाइटिंग की व्यवस्था होनी थी लेकिन नहीं हो सकी। अब तो पुलों के नीचे अतिक्रमण होकर दुकानें खुल गई हैं। कई जगह वाहन खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा गंदगी पसरी हुई है।

शहर में विभिन्न जगहों पर बने फ्लाईओवरों पर नजर डाली जाए तो नीचे की जगह को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए नगर निगम लाखों रुपये खर्च खर्च कर चुका है लेकिन हकीकत यह है कि बजट खर्च होने के बाद भी नीचे कहीं डिवाइडर उखड़े हुए हैं तो कहीं पर गंदगी पसरी है। सेटेलाइट बस अड्डे के पास बने फ्लाईओवर के नीचे की जगह को सजाने के लिए निर्माण कार्य भी किए गए हैं। यहां पर फूल लगाने के काम किया गया लेकिन अब अतिक्रमण हो गया है। हरियाली की जगह पर सड़क और फुटपाथ पर सोने वालों और और नशेड़ियों का अड्डा बना गया है। चौपुला पुल के नीचे पौधों के लिए मिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। अब यहां पर पशुओं का बसेरा रहता है। शहामतगंज फ्लाईओवर के नीचे बने डिवाइडर टूट गए हैं और मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। किला और आईवीआरआई पुल के नीचे अतिक्रमण सुंदरता पर दाग लगा रहे हैं। कुतुबखाना पुल के नीचे अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जाती हैं। यहां पर पेंटिंग के बाद अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका है। इन जगहों पर रात में अंधेरा और गंदगी के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो जाता है।



सेटेलाइट फ्लाईओवर के नीचे जगह-जगह हो गया है अतिक्रमण। ● अमृत विचार



शहामतगंज पुल के नीचे अतिक्रमण के साथ जगह पड़ी ऊबड़-खाबड़। ● अमृत विचार



कुदेशिया पुल के नीचे निर्माण भी करा लिया गया। ● अमृत विचार



अटल सेतु के नीचे अब तक नहीं किया गया सौंदर्यीकरण। ● अमृत विचार



हार्टमन पुल के नीचे अतिक्रमण कर लगा ली गई हैं दुकानें। ● अमृत विचार

### बस अड्डों के आसपास नहीं हट पा रहा अतिक्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के बस अड्डों के आसपास भी अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। इसकी वजह से रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। पुराने बस अड्डे के पास सड़क पर ही दुकानदार सामान रखते हैं। वहीं सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर दुकानों और वाहनों का अतिक्रमण रहता है। इससे लोग परेशान होते हैं।

## उमस ने लोगों को किया परेशान, सप्ताह भर बारिश के आसार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में सोमवार रात तेज बारिश के बाद मंगलवार निकली तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग ने अभी सप्ताह भर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान उमस भरी गर्मी भी परेशान कर सकती है।

मंगलवार को दिन में कभी बादल छाए रहे तो कभी तेज धूप खिली। इससे गर्मी बढ़ गई। आईएमडी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस कम 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में 49 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान हवा में नमी सुबह 90 प्रतिशत और शाम को 98 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी बुधवार और गुरुवार को बारिश येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 27 जून को भारी बारिश के आसार जताए गए हैं। 28 जून से 30 जून तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**एक नजर**

### तीन सौ बेड अस्पताल में कल से शुरू हो जाएंगी जांचें

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में गुरुवार से मरीजों की जांचें शुरू हो जाएंगी। नई बॉयो केमिस्ट्री मशीन इंस्टाल हो गई है। वहीं, लैब प्रबंधन ने जांच में इस्तेमाल होने वाले रिजेंट के लिए भी मांग पत्र विभाग को भेज दिया है। दरअसल, सोमवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान लैब में आई नई बॉयो केमिस्ट्री मशीन को जल्द इंस्टाल कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को लैब प्रबंधन ने इंजीनियर से लैब में मशीन को इंस्टाल करा दिया।

### टूटी सड़क को नहीं किया सही, बड़े हादसे का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड पर नकटिया पुल के आगे कैंट क्षेत्र में बारिश में कई जगह कटी सड़क अभी तक सही नहीं की गई है। बारिश में सड़क का हिस्सा और कटता चला जा रहा है। गड्ढों को भरने के लिए खानापूरी कर सिर्फ कुछ कूड़ा डाल दिया गया है। रात में टूटी सड़क दिखाई नहीं देती है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस मार्ग पर डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर न होने की वजह से भी कई बार हादसे हो चुके हैं। कुछ दिनों पहले एक बस भी डिवाइडर पर चढ़ गई थी। स्ट्रीट लाइटें भी ठीक नहीं की जा रही हैं।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# परवाना नगर में जलभराव से परेशान लोगों ने सौंपा ज्ञापन



नगर निगम में ज्ञापन देने पहुंची परवाना नगर की महिलाएं। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बारिश में जलभराव की समस्या से परेशान परवाना नगर के लोगों ने नगर निगम में प्रदर्शन मेयर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

वार्ड नंबर 10 बड़ी बिहार के परवाना नगर के लोग जलभराव की समस्या जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण न होने के कारण सड़क पर पानी भर गया है। बारिश के समय घरों में गंदा पानी आ रहा है। विनोद सिंह ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ जल निकासी के लिए नाला का निर्माण होना जरूरी है।

प्रेमशीला ने बताया कि बारिश के मौसम में तो घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। दरवाजे पर जलभराव होने से बहुत दिक्कत हो रही है। लोगों ने नई बिल्डिंग के गेट पर प्रदर्शन करने के बाद मेयर कार्यालय में ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। ज्ञापन देने वालों में हितेष चंद्र शर्मा, अर्जुन, सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

## अब आईं आरटी-पीसीआर जांच किट

**बरेली, अमृत विचार :** देर से ही सही, स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना मरीजों की जांच के लिए आरटी-पीसीआर किट मंगा ली हैं।

दरअसल, 10 दिन पहले शहर निवासी एक बुजुर्ग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। गाइडलाइन के अनुसार बुजुर्ग की आरटी-पीसीआर जांच होनी चाहिए थी, मगर किट नहीं थी। हालांकि, अब बुजुर्ग स्वस्थ हैं। उनकी अब जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। उनकी पत्नी की रिपोर्ट भी निगेटिव है। वहीं, जिला भी कोविड मुक्त घोषित हो चुका है, लेकिन अब विभाग ने 50 आरटी-पीसीआर किट मंगाई हैं।

**ओपीडी में भी मरीजों में नहीं मिल रहे लक्षण :** शासन ने ओपीडी में आने वाले सांस रोगियों में लक्षण होने पर कोविड जांच करने के आदेश दिए हैं, लेकिन अब ओपीडी में भी ऐसे मरीज सामने नहीं आ रहे हैं। हालांकि, आरटी-पीसीआर जांच किट उपलब्ध हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि आरटी-पीसीआर जांच किट मंगा ली गई हैं। अभी कोविड का प्रकोप थमा नहीं है। दूसरों जिलों में मामले सामने आ रहे हैं।

# राष्ट्रपति का दौरा : डेलापीर से बैरियर टू तक हटाया अतिक्रमण



डेलापीर के पास अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद सभी विभाग तैयारियों में जुट गए हैं। नगर निगम की टीम ने बैरियर टू से डेलापीर तक मंगलवार को अतिक्रमण हटाया और हिदायत दी कि अगर फिर से अतिक्रमण कर दुकान लगाई तो भारी जुर्माना वसूल किया जाएगा।

नगर निगम अतिक्रमण हटाने के साथ साफ सफाई, पथ प्रकाश, सड़क आदि की व्यवस्था चुस्त दुरूस्त करने में जुट गया है। मंगलवार दोपहर डेलापीर से बैरियर टू तक अभियान के तहत टीम ने ठेला, फुटपाथ, रेत, बजरी आदि हटवाई। इस दौरान टीम ने 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम अभियान चलाया जा रहा है, जो विभिन्न जगहों पर जारी रहेगा।

# अपर नगर आयुक्त राइट टाइम, बाकी अफसर पहुंचे फरियादियों के बाद

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● **नगर निगम में संभव जनसुनवाई में अधिकांश अधिकारी 10:45 बजे के बाद पहुंचे**

**अमृत विचार :** नगर निगम में मंगलवार को संभव जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त तो समय से पहुंच गए लेकिन अन्य अधिकारी फरियादियों के आने के बाद पहुंचे। सभी अधिकारी निर्धारित समय से करीब 45 मिनट बाद ही पहुंचे।

मंगलवार को सिर्फ अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय सबसे पहले संभव जनसुनवाई में पहुंचे। इस दौरान वह काफी देर तक मीटिंग हाल में अकेले बैठे रहे। इसके बाद करीब 10:45 से 11 बजे के बीच में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव, अधिशासी अभियंता राजीव राठी और अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह पहुंचे। इसके बाद करीब 11 बजे उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह पहुंचे। इस दौरान कई फरियादी अपर नगर आयुक्त के पास पहुंच कर अपनी समस्या बता चुके थे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों के आने के बाद उन प्रार्थना पत्रों को दिया।

मढ़ीनाथ निवासी अजय कुमार ने सड़क खराब होने की शिकायत की। नेकपुर निवासी शुभम सक्सेना ने जलभराव की समस्या से निदान की गुहार लगाई। सैनिक कालोनी निवासी यतेंद्र पुरी ने सड़क निर्माण न होने के कारण परेशानी बताई। ओल्ड सिटी निवासी मजहर करीम ने हाउस टैक्स अधिक आने की शिकायत करते हुए सुधार करने को प्रार्थना पत्र दिया।



संभव जनसुनवाई में अकेले बैठे अपर नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

**तो फरियादियों की संख्या इसी कारण हो रही है कम**

नगर निगम में हर मंगलवार को 10 से 2 बजे तक संभव जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करना होता है लेकिन 80 वार्डों के नगर निगम से छह माह से जनसुनवाई में सिर्फ 10 से 15 ही फरियादियों की संख्या रहती है। इतनी संख्या काम होने के पीछे सबसे कारण यह बताया जा रहा है कि लोगों की समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है, क्योंकि सड़क, नाला, पेयजल आदि की समस्या संबंधित प्रार्थना पत्रों का निराकरण रिपोर्ट यह लगा दी जा रही है कि सड़क प्रस्ताव बनाया गया है, टेंडर निकलने वाला है। इसमें कई माह लग जा रहे हैं। इस वजह से फरियादियों की संख्या कम हो रही है।




# मढ़ीनाथ में ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली गुल

## शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर से बिजली संकट कम नहीं हो रहा है। मंगलवार शाम ट्रांसफार्मर में आग लगने से मढ़ीनाथ क्षेत्र में पांच घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं सुभाषनगर के गणेशनगर में भी पूरे दिन बिजली का संकट बना रहा। शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

मढ़ीनाथ आश्रम के सामने ट्रांसफार्मर में मंगलवार शाम 4 बजे आग लग गई और लीड जल गई। इससे क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। उसके बाद किसी तरह से आग को बुझाया गया। कर्मचारी शाम 7 बजे तक केबल बदलने का काम करते रहे। ऐसे में पांच घंटे तक सैकड़ों घरों में आपूर्ति बाधित रही। उसके बाद एसडीओ अभिषेक कपासिया ने ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर रात 9 बजे आपूर्ति को बहाल कराया।

सुभाषनगर सबस्टेशन के गणेशनगर में भी मंगलवार को पूरे दिन बिजली का संकट बना रहा। किला सबस्टेशन के जखीरा मोहल्ला, बाकरगंज, हुसैन बाग, गढ़ी चौकी में दिक्कत रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के झगड़े वाली मठिया के पास ट्रांसफार्मर से फेस नहीं आने की समस्या रही। बिहारीपुर मेमरान, मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी शाम 6 से 7 बजे तक दिक्कत रही। हरुनगला सबस्टेशन के शिव गार्डन कॉलोनी में भी संकट बना रहा। रामपुर गार्डन और सिविल लाइंस इलाके में भी फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। सदर कैंट, राजेन्द्रनगर, शाहदाना, डेलापीर, कुतुबखाना, सीबीगंज आदि इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए। परेशान उपभोक्ता रामपुर गार्डन हेल्पडेस्क पर शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंचे तो उन्होंने हंगामा किया।



गर्मी में लोड बढ़ने से मढ़ीनाथ में जलता ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

### मॉर्निंग रेड में चार घरों से पकड़ी बिजली चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली चोरी करने वालों पर बिजली विभाग की एचआर और विजिलेंस टीम का अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। सुबह मॉर्निंग रेड में शहर में कई जगह बिजली चोरी पकड़ी गई। शहरी क्षेत्र के विजिलेंस प्रभारी ताहिर हुसैन ने मंगलवार को शहर के मोहल्ला कोट में मॉर्निंग रेड की। यहां एक मकान में बिजली चोरी होती मिली। इसके अलावा एचआर टीम ने रबड़ी टोला और जगतपुर में तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके अलावा कुछ दिन पहले विजिलेंस टीम ने नगर निगम सब्जी मंडी में दर्जनों दुकानों में बिजली चोरी पकड़कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब चोरी करने वाले दुकानदारों को बिजली चोरी के जुर्माने का नोटिस मिला है। इसके बाद दुकानदार गलत कार्रवाई का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि वह दुकानें लगाने के लिए ठेकेदार को पैसे देते हैं। उसके बाद भी उनके खिलाफ बिजली चोरी की कार्रवाई की गई है।

### स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने से उपभोक्ताओं की बढ़ी टेंशन

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उनके लिए सिरदर्द बनने लगे हैं। साधारण मीटर की तुलना में अधिक बिल आने के साथ-साथ तीन से चार माह तक बिलिंग नहीं होने की शिकायत लेकर उपभोक्ता अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। नवादा शेखान के रहने वाले सोनू शर्मा के मकान पर मार्च महीने में स्मार्ट मीटर लगा था, लेकिन तीन माह बाद भी अभी उनका बिल बनकर नहीं आया है। वह परेशान होकर बिल बनवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। इसी तरह कटरा चांद के रहने वाले नीरज राठौर ने बताया कि उनके मकान से साधारण मीटर दो माह पहले हटाकर स्मार्ट मीटर लगाया गया था। जिसके बाद उनका बिल बनना ही बंद हो गया। उसके बाद वह रामपुर गार्डन में अधिशासी अभियंता के कार्यालय में शिकायत करने गए तो उन्हें एक साथ दो माह का बिल बनाकर दिया। ऐसे में अब एक साथ दो माह का बिल आने से वह बिल जमा करने को परेशान हो रहे हैं। इसी तरह सुभाषनगर के रहने वाले रमेश ने बताया कि उनके मकान पर स्मार्ट मीटर नहीं लगा है, जबकि कागजों में स्मार्ट मीटर लगा होना दिखा रहे हैं। वहीं रामपुर गार्डन, किला, राजेन्द्रनगर के साथ हरुनगला में बनी हेल्पडेस्क पर भी हर रोज बिल जमा होने के बाद भी स्मार्ट मीटर में बिजली नहीं आने की दर्जनों शिकायतें पहुंच रही है। इसी तरह हाफिजगंज और नवाबगंज क्षेत्र में भी उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटरों से ज्यादा बिल आ रहा है। अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित जो भी शिकायतें आती है, उनका समाधान किया जा रहा है।

## एक नजर

### केबल जलने से दो दिन से नहीं आ रही बिजली

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव पहुंचा बुजुर्ग में जर्जर केबल जलने से दो दिन से बिजली सप्लाई बाधित है। प्रधान राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में हर हफ्ते ट्रांसफार्मर से किसी न किसी कारण तार टूट जाता है और सप्लाई बाधित हो जाती है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत केबिल सही करने और बिजली सुचारू करने की गुहार लगाई है।

### मनौना धाम दर्शन करने आए श्रद्धालु से की मारपीट

**आंवला, अमृत विचार :** मनौना धाम पर दर्शन करने आए एक श्रद्धालु से प्रसाद बेचने वाले दुकानदार ने मारपीट की, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया। घायल ने दुकानदार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मधुबन बापू धाम गाजियाबाद के मोहल्ला संजय नगर निवासी कुनाल भारद्वाज ने बताया वह सोमवार को कार से मनौना धाम दर्शन करने आया था। उसने कार मंदिर गेट के पास खड़ी की थी। उसके नाना नारायण शर्मा कार में बैठे थे। इसी बीच प्रसाद बेचने की दुकान वाले पंकज ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने से उसके सिर में गम्भीर चोट आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रास्ते से निकलने के विवाद में कुत्ते से कटवाया

**आंवला, अमृत विचार :** रास्ते से निकलने के विवाद में एक व्यक्ति पर मकान मालिक ने पालतू कुत्ते को उस पर छोड़ दिया। कुत्ते ने उसे जख्मी कर दिया। पीड़ित ने कुत्ते के मालिक पर रिपोर्ट दर्ज कराई। किशनपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया तीन दिन पहले रात 8 बजे वह पशुशाला से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के सुनील कुमार सिंह उर्फ बब्लू ने उसके ऊपर अपने पालतू कुत्ते को छोड़ दिया। उक्त कुत्ते ने उसे जख्मी कर दिया। जबकि सुनील कुमार का परिवार वहां खड़ा होकर देखता रहा। उसने बताया कि विपक्षी ने उसे उक्त रास्ते से न निकलने की धमकी दी है।

# मदरसे में किशोर का यौन शोषण कर वीडियो बनाता था हैदरी दल का सदस्य, गिरफ्तार

## फरीदपुर पुलिस को आरोपी के मोबाइल से मिले यौन शोषण के 40 वीडियो, दर्ज होगी एक और एफआईआर

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- हैदरी दल 25 के नाम से इंस्टाग्राम आईडी का एडमिन है आरोपी
- किशोर के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना पुलिस ने शाहजहांपुर के मदरसे में किशोर का यौन शोषण करने वाले को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी आरोपी हैदरी दल का सदस्य निकला। पुलिस को उसके मोबाइल से किशोर के यौन शोषण के 40 वीडियो मिले हैं। वह इंस्टाग्राम पर हैदरी दल 25 आईडी का एडमिन है। मंगलवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी वीडियो किसी पोर्न साइट को तो नहीं बेचता था या शेयर तो नहीं करता था।

पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रेसवार्ता में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी नबी हसन फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पिपरथरा का निवासी है। वह शाहजहांपुर में रहकर गुलशने मुस्तफा मदरसे में दीनी तालीम हासिल कर रहा था। वह पांचवी तक पढ़ा है। उसने दीनी तालीम के दौरान शाहजहांपुर के तिलहर के एक मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय किशोर के साथ कई बार कुकर्म किया और उसके वीडियो बना लिए। आरोपी कई बार किशोर को अपने घर पर भी लाया और वहां भी उसके साथ यौन शोषण किया और धमकी दी कि शिकायत करने पर उसे जान से मार देगा। किशोर के पिता ने थाना फरीदपुर में आरोपी नबी हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके मोबाइल में किशोर के साथ दुष्कर्म के करीब 40 वीडियो मिले हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद फरीदपुर पुलिस ने आरोपी को फरीदपुर में बीसलपुर रोड पर धर्मकांटा के पास साठा पुलिया से गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि इंस्टाग्राम पर धार्मिक उन्माद फैलाने और दूसरे युवक के मोबाइल नंबर से इंस्टाग्राम आईडी बनाने के आरोप में भी उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नबी हसन। ● अमृत विचार

### गिरफ्तारी के बाद मोबाइल देखने पर खुला हैदरी दल के सदस्य होने का राज

आरोपी नबी हसन का पुलिस ने जब मोबाइल चेक किया तो पता चला कि वह हैदरी दल 25 नाम से इंस्टाग्राम आईडी चला रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नहीं चाहता है कि उसके समुदाय की महिलाएं और युवतियां दूसरे धर्म के लोगों से बातचीत भी करें। एसपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी पार्क या सार्वजनिक स्थानों पर जाता है। वहां पर यदि वह अपने समुदाय की युवतियों और महिलाओं को दूसरों के साथ बैठा देखता है तो उनके वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर देता है। जिससे उनकी निजता भंग होती है। इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी धार्मिक उन्माद फैलाने की भी लगातार साजिश करता रहा है। जिससे अन्य धर्मों के लोगों में रोष है।

### सीतापुर में जीशान ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शाहजहांपुर के गुलशने मुस्तफा मदरसे में नबी हसन के साथ सीतापुर जिले के लहरपुर थाना क्षेत्र के गांव ककराही का मोहम्मद जीशान भी दीनी तालीम हासिल कर रहा था। जीशान ने बताया कि नबी हसन ने उसका मोबाइल धोखे से ले लिया और इंस्टाग्राम आईडी हैदरी दल 25 अपने मोबाइल पर बना ली और खुद एडमिन बनकर ग्रुप का संचालन करने लगा। जीशान ने बताया कि नबी हसन इंस्टाग्राम पर धर्मिक उन्माद फैलाने और गैर कानूनी पोस्ट शेयर करता है। उसके मोबाइल में उसके पिता के नाम पर लिया गया सिम पड़ा है। मोहम्मद जीशान ने इस मामले में नबी हसन के खिलाफ लहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक आरोपी के पैर में लगी गोली दोनों को भेजा जेल

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में कोचिंग जाते समय छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। बदमाशों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल, तमंचा और बिना नंबर की एक बाइक बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान मोहल्ला गुलशननगर, नवाबगंज निवासी सूरजपाल और गांव सिकलापुर थाना जहानाबाद पीलीभीत निवासी तस्लीम के रूप में हुई।

नवाबगंज थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि 12 जून को सुबह 9 बजे एक छात्रा कोचिंग पढ़कर घर वापस जा रही थी। गांव परौथी के पास दोनों बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए थे। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांव ग्रेम डैम के पास दोनों बदमाश मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही दोनों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में तस्लीम के पैर में गोली मार कर घायल कर दिया। साथ ही दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में लुटेरा।

### प्रेमिका की जरूरतें पूरी करने के लिए लूट

पुलिस पूछताछ में तस्लीम ने बताया कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। उसका नवाबगंज में अपने दोस्त सूरजपाल के घर आना-जाता रहता था। इस दौरान उसके एक महिला से प्रेम संबंध हो गए। महिला की जरूरतें पूरी करने के लिए उसे पैसे चाहिए थे। सूरजपाल भी फोटोग्राफी के काम से मिलने वाले पैसों से अपने शौक पूरे नहीं कर पा रहा था। उसने इसी महीने नई बाईक खरीदी थी। दोनों ने बताया कि बढ़ते शौक और शराब के लत को पूरा करने के लिए काफी कर्ज हो गया। इसलिए लूट करना शुरू कर दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किशोरी को बहलाकर ले जाने बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शेरगढ़ क्षेत्र निवासी गुमनाम सिंह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानन्द ने 10 वर्ष सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 3 अप्रैल 2016 को अपराह्न करीब 3 बजे वह, उसके पति व लड़के अंतिम संस्कार में गए थे। उनकी बेटी घर पर अकेली थी। इस बीच हसमुखी देवी उसके घर पहुंची और उनकी बेटी को बहाने से अपने घर ले गई। वहां अपने लड़के के साथ उसे कमरे में बंद कर दिया। गुमनाम ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने के बाद बांधकर कमरे में ही डाल दिया। जब वह घर आईं तो बेटी नहीं थी। तलाश करते हुए गुमनाम के घर कई लोगों को लेकर पहुंचीं और कमरे से बेटी को निकालकर लाई। गुमनाम सिंह ने उसकी बेटी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में 10 गवाह पेश किए। पुलिस ने दुष्कर्म, बहलाकर ले जाने, पॉक्सो एक्ट के तहत मां-बेटे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। सिर्फ गुमनाम के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की।

### दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** किशोरी को बहलाकर ले जाने बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी अन्नु उर्फ अरुण की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानन्द ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 12 फरवरी की शाम 5 बजे ड्यूटी से घर पर आई तो देखा कि उसकी पुत्री घर पर नहीं है। काफी तलाश करने पर उसका पता नहीं चला। बाद में उसे पता चला कि अन्नू उसकी पुत्री को बहलाकर ले गया है। विवेचना के दौरान पीड़िता तीन मार्च को वापस लौटी।

# टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 90 हजार ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में एक युवक से टेलीग्राम एप पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगों ने 90 हजार दो सौ रुपये ठग लिए। युवक की तहरीर पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंजाबपुरा निवासी गोपाल मिश्रा ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम से एक मेसेज प्राप्त हुआ। जिस पर संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को किसी बड़ी कंपनी से जुड़ा हुआ बताते हुए एक स्कीम के तहत कार्य करने का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में कुछ आसान टास्क भेजकर उन्हें विश्वास में लिया और कहा कि हर टास्क पूरा करने पर लाभ मिलेगा। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर किस्तों में रुपये जमा करने को कहा और उन्होंने 90,200 रुपये भेज दिए। जब उन्होंने भुगतान के बाद लाभ और मूल धन मांगा तो सभी नंबर बंद मिले और टेलीग्राम आईडी भी गायब हो गई। इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी थाना किला पुलिस और साइबर क्राइम शाखा को दी।

# कम रकम देने पर बीमा कंपनी पर लगा जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** आधी रकम दिए जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी व सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने रघुवंशी कॉम्पलेक्स स्थित केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को उपभोक्ता की ओर से जमा की गई रकम 5 लाख 15 हजार 312 रुपये वाद पेश करने की तिथि 28 फरवरी 2024 से अदायगी की तिथि तक मय छह प्रतिशत ब्याज अदा किए जाने का आदेश दिया है। इसके अलावा 20 हजार रुपये शारीरिक, मानसिक क्षतिपूर्ति व 10 हजार रुपये वाद व्यय भी कंपनी ग्राहक को अदा करेगी।

सिविल लाइंस निवासी हरकीर्ति ने अपने अधिवक्ता वासु देव जौहरी के जरिए आयोग में वाद पेश कर बताया था कि 2 मार्च 2018 को जीवन निवेश प्लान 15 वर्षों के लिए लिया था, जिसमें 10 वर्षों तक किस्त अदा की जानी थी। सात किस्त अदा की जा चुकी हैं। बीमा कंपनी की ओर से यह बीमा करने के दौरान बताया गया था कि जरूरत पड़ने पर कभी भी पॉलिसी समाप्त की जा सकती है। व्यक्तिगत आवश्यकता पड़ने पर पति राजेन्द्र सिंह गांधी ने माह नवम्बर 2023 में कंपनी से संपर्क किया। तब तक छह किस्तें काटी जा चुकी थीं। 4 लाख 50 हजार रुपये जमा किए जा चुके थे। तब कंपनी ने सरेंडर वैल्यू 2 लाख 43 हजार 788 रुपये होना बताया। तुरंत बीमा पॉलिसी बंद करने को कहा, लेकिन उसके बाद भी फरवरी 2024 में प्रीमियम की सात वीं किस्त भी बैंक से काट ली गई।

# जल जीवन मिशन योजना में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी की कोशिश

कार्यालय संवाददता, बरेली

- प्रधानों को फर्जी आवेदन पत्र भेजकर युवाओं का अच्छा मानदेय देने का दिया जा रहा झांसा


**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन योजना के तहत जल निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले ठग एक बार सक्रिय हो गए हैं। ठग प्रधानों को फर्जी आवेदन पत्र भेजकर गांव के युवाओं की नौकरी लगवाने का झांसा दे रहे हैं। प्रधानों ने मामले की शिकायत विभाग में की है। एक अवर अभियंता ने भी ठग पर प्रधान बनकर फोन पर बात की तो कहा कि प्रधानी आने वाली है, फायदे में रहोगे।

एक्सईएन ने लोगों से कहा कि वह किसी के झांसे में न आए। विभाग ने कोई भर्ती नहीं निकाली गई है।

बता दें, जिले के 1806 ग्रामों में ओवरहैड टैंक और पाइप लाइन के जरिए घर-घर पानी पहुंचाने की योजना है। अफसर बताते हैं कि अगले साल प्रधानी का चुनाव है। ऐसे में ठगों ने अभी से अपना जाल बिछाना शुरू कर दिया है। अभी जिन-जिन गांव में ओवरहेड बनाए जा रहे हैं, वहां के प्रधानों से ठग संपर्क कर गांव के बेरोजगारों को ओवरहेड टैंक चलाने के लिए 18 से 20 हजार रुपये मानदेय पर नौकरी का झांसा दे रहे हैं।

मंगलवार को विभाग के अवर अभियंता राकेश कुमार को दियोरिया और नंदगांव के ग्राम प्रधान ने ठगों की ओर से भर्ती के लिए भेजे गए जल निगम के फर्जी फार्म भेजकर इसकी तस्दीक की। इसके बाद अवर अभियंता ने खुद प्रधान बनकर ठग से बात की उसने कि प्रधानी का चुनाव नजदीक है। युवाओं को नौकरी दिलाओ 18 से 20 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।

एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि फोन करने वाला अपना नाम अरुण कुमार और लखनऊ जल निगम से बताकर ठगी की कोशिश कर रहा है। यहां प्रधानों के साथ-साथ गांव के लोगों को भी सचेत किया गया है कि वह झांसे में न आएं।




जल निगम में भर्ती के लिए भेजा फर्जी फार्म।

### बिथरी और भुता के लोग हुए थे सबसे अधिक शिकार

दो साल पहले ठगों ने गांवों में बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक पर ऑपरेटर, प्लंबर, मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, फिटर के पद पर नौकरी का झांसा देकर कई युवाओं से लाखों रुपये ठगे थे। इनमें सबसे अधिक लोग बिथरी चैनपुर और भुता में शिकार हुए थे।

# सचिव ने माह में दो बार निकाला वेतन, तीन बैंक मैनेजर दोषी

- जिला सहकारी बैंक की शाखा जिला पंचायत में तैनात रहे हैं तीनों बैंक मैनेजर

**बरेली, अमृत विचार :** साधन सहकारी समिति सिमरा बोरीपुर के बर्खास्त किए जा चुके सचिव की ओर से कई बार वेतन निकाले जाने के मामले में दो सेवानिवृत्त और एक मौजूदा बैंक मैनेजर भी दोषी पाए गए हैं। सचिव महीने में दो-दो बार वेतन निकालता रहा और समिति पर जमा होने वाले खाद, बीज के पैसे में घपलेबाजी की और बैंक मैनेजर अंजान बने रहे। एआर कोऑपरेटिव ने तीनों बैंक अधिकारियों (दो सेवानिवृत्त) के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए बैंक प्रबंधन को पत्र लिखा है।

क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिमरा बोरीपुर में सहकारी साधन समिति (पैक्स) है। यहां पर तैनात रहे सचिव शकील अहमद पर आरोप है कि 2016 में एक माह में दो बार वेतन निकाल लिया था। इसके अलावा वर्ष 2020 में खाद, बीज की बिक्री के आए 4 लाख 59 हजार रुपयों में से 1 एक लाख 14 हजार ही जमा किए। इसपर उसे 2021 में सस्पेंड कर दिया गया था। नोटिस देकर सरकारी धन को जमा करने का आदेश दिया गया था, लेकिन पैसा जमा नहीं किया। 2022 में सचिव को बर्खास्त कर दिया गया था। एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने अब सचिव पर समिति के तीन लाख 45 हजार 767 रुपये के साथ ही वेतन के निकाले गए अतिरिक्त 38 हजार 976 रुपये की रिकवरी निकाली है। सचिव के साथ ही वेतन को दो से तीन बार निकालने के मामले में जिला सहकारी बैंक की शाखा जिला पंचायत में तैनात रहे तीन बैंक मैनेजरों को भी जिम्मेदार माना गया है। एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने बताया कि वेतन निकालने की अवधि में काम देख रहे बैंक मैनेजरों के नाम के साथ रिकॉर्ड बैंक से लिया गया। इस आधार पर सेवानिवृत्त हो चुके दो बैंक मैनेजर और मौजूदा समय में बिथरी चैनपुर की शाखा में तैनात एक बैंक मैनेजर दोषी पाए गए हैं। तीनों पर कार्रवाई के लिए जिला सहकारी बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी को मंगलवार को पत्र लिखा गया है।

# सड़क हादसे में घायल नगर निगम कर्मी की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल नगर निगम के संविदा कर्मी की इलाज के दौरान सोमवार देर रात मौत हो गई। कोतवाली के मोहल्ला बिहारीपुर निवासी शिवशंकर ने बताया कि उनका भाई विनीत (30) नगर निगम में संविदा कर्मी था। 17 जून को वह ड्यूटी के लिए पैदल जा रहा था।

कांकरटोला में तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने विनीत को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# ब्लॉक: कई ट्रेनें निरस्त, कुछ के रूट बदले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनडियाला स्टेशन पर कार्यों की वजह से 26 जून से 14 जुलाई तक रेल संचालन प्रभावित रहेगा

**अमृत विचार :** जनडियाला स्टेशन पर पीएनआई और एनआई कार्यों की वजह से 26 जून से 14 जुलाई तक 19 दिनों तक रेल संचालन प्रभावित रहेगा। इसकी वजह से रेलवे ने कई ट्रेनों को निरस्त किया है। इसके अलावा का मार्ग परिवर्तन और पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

रेलवे ने 12054 अमृतसर-हरिद्वार और 12053 हरिद्वार-अमृतसर को 13 और 14 जुलाई को रद्द किया है। इसके अलावा 27 जून से 14 जुलाई तक 12408, 04652, 18104, 14650/14674, 22424, 22446 को अमृतसर-तरनतारण-ब्यास के वैकल्पिक मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं 14603, 14673/14649, 12317, 12407, 4651, 4653, 14615, 12357, 15531, 15211 को भी ब्यास-अमृतसर मार्ग से ही चलाया जाएगा।


इसके अलावा 14604 को 2 जुलाई को 60 मिनट की देरी से, 14650 को 12 जुलाई को 25 मिनट की देरी से, 22424 व 14674 को 13 जुलाई को 40 और 45 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले संबंधित ट्रेनों की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों का हाल खराब नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट

बरेली, अमृत विचार : दिल्ली और मुंबई की प्रमुख ट्रेनों में जुलाई के दूसरे सप्ताह तक कंफर्म सीट नहीं मिल रही है। जनरल कोच भी ठसाठस भरे चल रहे हैं, इसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। दिल्ली और मुंबई के आरक्षित टिकट की अत्यधिक मांग के कारण टिकट काउंटर पर भीड़ जमा हो जाती है। कई यात्रियों ने शिकायत की है कि अब आरक्षित टिकट बुक करना लगभग असंभव हो गया है और यहां तक कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान भी टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि विशेष अवसरों और छुट्टियों के मौसम में रेलवे को आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ानी चाहिए। यात्रियों ने बताया कि जनरल कोच में भीड़ की वजह से सफर करना असहज हो गया है। जनरल कोचों में शौचालयों की स्थिति काफी दयनीय है।

### किला क्रॉसिंग आज रहेगी बंद

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर और बरेली सिटी स्टेशनों के मध्य क्रॉसिंग 247 बी/1 कटघर निकट किला गेट को काम की वजह से 25 जून को रात 10 बजे से 26 जून सुबह 6 बजे तक बंद किया जाएगा। क्रॉसिंग बंद होने से वाहनों का आवागमन श्मशान भूमि क्रॉसिंग से होगा।




# पीएम सूर्य घर योजना व गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति धीमी, जताई नाराजगी

## मंडलीय कार्यों की समीक्षा में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन सभागार में अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त सभागार में मंडलीय कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। कमिश्नर ने पीएम सूर्य घर योजना और गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जताई। वहीं, आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक की संख्या अधिक प्राप्त होने पर निस्तारण ठीक तरीके से करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने पीएम सूर्य घर योजना को लेकर अफसरों से कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। सीएमओ को निर्देश दिए कि गोल्डन कार्ड बनाने की गति में तेजी लाएं और जिनके कार्ड बन गए हैं, उनका नाम पोर्टल पर अवश्य अपलोड कराएं। डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए लगातार फागिंग और स्क्रीनिंग कराएं।

कमिश्नर ने पीलीभीत व बदायूं के डीएम से कहा कि बारिश के दिनों में बाढ़ की समस्या होती है। ऐसे में वे पूर्व से तैयारियां कर लें। एडी पशु पालन से कहा कि गोशालाओं और गोवंशों का डेटा सही भेजा जाए। विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से कहा कि बारिश के समय ट्रांसफार्मर खराब होने से आपूर्ति बाधित होती है। ऐसे में समय रहते ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करा ली जाए। उन्होंने श्रावण माह में मंदिरों में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में एक पौधा प्रदान करने की बात कही।

### गलत रिपोर्ट देने पर कार्रवाई के निर्देश

मंडलायुक्त ने बैठक में 50 लाख रुपए से अधिक वाली परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराकर उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल की ओर से गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर कमिश्नर ने कार्रवाई के निर्देश दिए। बरेली डीएम अविनाश सिंह, पीलीभीत डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, बदायूं डीएम अवनीश राय, शाहजहांपुर डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ देवयानी समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

# तीन साल बाद फिर मलेरिया का गढ़ बन रहा मझगवां ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पांच महीने में ब्लॉक में सबसे ज्यादा 65 मलेरिया रोगी सामने आ चुके
- वर्ष 2022-23 में मझगवां घोषित हुआ था डेंजर जोन, सबसे ज्यादा मच्छरों का आतंक

**अमृत विचार :** तीन साल बाद मझगवां ब्लॉक फिर से मलेरिया का गढ़ बन रहा है। पांच महीने में सबसे ज्यादा इसी ब्लाक में 65 मलेरिया रोगी सामने आ चुके हैं। सबसे अधिक मच्छरों का आतंक भी यहीं है।

बीते वर्ष मलेरिया को लेकर बिथरी चैनपुर ब्लॉक सर्वाधिक प्रभावित रहा था। इस वर्ष मच्छर अपने पुराने गढ़ में कहर बरपा रहे हैं। जिले में जनवरी से अब तक कुल 340 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें सबसे ज्यादा रोगी मझगवां ब्लॉक क्षेत्र में हैं। मलेरिया विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले में वर्ष 2022 में मलेरिया के 2228 केस मिले थे। 2023 में यह संख्या बढ़कर 3490 हो गई। वर्ष 2024 में मलेरिया के मरीजों की संख्या कुछ घटकर 2817 पर पहुंच गई। इन वर्षों में मलेरिया के मामलों में मझगवां और शेरगढ़ ब्लॉक डेंजर जोन घोषित किए गए थे। वर्ष 2024 में मझगवां की तुलना में अन्य ब्लॉक में मरीज अधिक थे, लेकिन 2022 में मझगवां में 166 और वर्ष 2023 में 198 मलेरिया रोगी मिले थे। फिलहाल, पांच महीने में जिले में 340 मलेरिया रोगी सामने आ चुके हैं।

### 3273 टीमें कर रहीं सर्वे, मरीजों को मिल रहा इलाज

जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह के अनुसार डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण के लिए इस बार जिले भर में 3273 टीमें लगाई गई हैं। टीमें घर-घर सर्वे कर रही हैं और लक्षण मिलने पर जांच कर लोगों को त्वरित इलाज मुहैया करा रही हैं। जहां भी मलेरिया का मरीज मिलता है, वहां फौरन एंटी लार्वा का छिड़काव कर फागिंग कराई जा रही है, लेकिन मलेरिया का प्रकोप बढ़ रहा है।

## गोशालाओं की देखरेख करेंगे नोडल अफसर

बरेली, अमृत विचार : जिले की गोशालाओं में पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर रखरखाव के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। प्रत्येक विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को एक-एक गोशाला की जिम्मेदारी दी गई है। डीएम के आदेश पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने नोडल अधिकारियों का चयन करा दिया है। अब नोडल अधिकारी हर सप्ताह गोशाला की स्थिति को लेकर रिपोर्ट देंगे। जिले में 102 गोशाला हैं, जहां से अक्सर अव्यवस्था की खबरें सामने आती रहती हैं। अभी भूसा में खरीद को लेकर बीडीओ सवालों के घेरे में हैं। ऐसे में डीएम अविनाश सिंह ने गोशालाओं की देखरेख के लिए नोडल अधिकारियों को तैनात करने का आदेश दिया। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 102 गोशाला में नोडल अधिकारी की तैनाती कर दी गई है।

# हड़ताल को लेकर बरेली ट्रेड यूनियंस ने बनाई रणनीति

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की बैठक मंगलवार को पुराने रोडवेज स्थित कार्यालय में हुई।

मुकेश सक्सेना ने बताया कि देशभर के 15 करोड़ कामगार 9 जुलाई को हड़ताल करने जा रहे हैं। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि प्रमुख मांग में लेबर संहिताओं को वापस लिया जाना और न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाना शामिल है। सर्व सम्मति से 8 जुलाई को शाम 5.15 बजे पंजाब एंड सिंध बैंक सुरेश शर्मा स्थित आंचलिक कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 9 जुलाई को सुबह 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा विकास भवन के सामने हड़ताल की जाएगी। इस दौरान उपाध्यक्ष सलीम अहमद, राजेंद्र सिंह राकेश बाबू, शमशाद अली, एसके गुप्ता अंजनी सिंह, हरि शंकर, अफाक अहमद, सर्वेश मौर्य, मो. फैसल कैलाश आदि ने हड़ताल को सफल बनाने सुझाव दिए। दरअसल, देश के 10 बड़े श्रम संगठनों और स्वतंत्र फेडरेशनों ने अखिल भारतीय स्तर पर हड़ताल की घोषणा की है। यह हड़ताल केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ की जाएगी। हड़ताल में शामिल होने वाले श्रमिक और कर्मचारी संगठनों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# स्टाफ की कमी से जूझ रहीं सरकारी समितियां सचिव से लेकर विक्रेता तक के पद हैं खाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 142 सरकारी समितियों पर अलग-अलग पदों पर 601 लोगों की तैनाती का है मानक
- सिर्फ 258 की ही तैनाती, 411 पद खाली, एक सचिव के सहारे हैं कई-कई समितियां

> साधन सहकारी समितियों पर सचिव से लेकर कार्यालय स्टाफ की भारी कमी है। समिति के संचालन की पूरी जिम्मेदारी सचिव की है। एक सचिव के सहारे से दो से तीन समितियां हैं, इससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शासन ने खाली पदों की सूची मांगी थी। रिपोर्ट भेज दी गई है।
> –**ब्रजेश परिहार**, एआर कोऑपरेटिव

**अमृत विचार :** जिले की साधन सहकारी समितियों में मानक के अनुसार पदों पर तैनाती नहीं है। एक-एक सचिव के सहारे कई-कई समितियां हैं। लेखाकार से लेकर विक्रेता और रोकड़िया तक के पद रिक्त चल रहे हैं। शासन के निर्देश पर पदों के संबंध में जानकारी विभाग ने भेज दी है।

जिले में 142 साधन सहकारी समितियां हैं। इन समितियों से किसानों को सरकारी दर पर खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक समिति पर एक सचिव की तैनाती का मानक है, लेकिन विभाग के पास सिर्फ 64 सचिव ही हैं और 78 पद खाली पड़े हैं। ऐसे में एक सचिव के पास दो से तीन समितियों के संचालन की जिम्मेदारी है, इससे कार्य प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा है और किसानों को भी समस्याएं आती हैं। लेखाकार और सहायक लेखाकार समेत 143 पद स्वीकृत हैं। इसके सापेक्ष 84 पदों पर ही तैनाती है। विक्रेताओं के 124 पद हैं, मगर 6 ही तैनात हैं और 119 पद खाली पड़े हैं। रोकड़ियों के 9 पद हैं, लेकिन किसी की तैनाती नहीं है। कार्यालय सहायकों की मानक के अनुसार 41 पदों पर तैनाती होनी चाहिए, मगर 29 ही तैनात हैं। हर समिति पर एक चौकीदार की तैनाती का मानक है, मगर 72 ही तैनात हैं और 70 पद खाली पड़े हैं।

## वर्तमान खतौनी से चकबंदी कराने पर अड़े

मीरगंज, अमृत विचार : ग्राम अंबरपुर में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। किसान 1359 फसली खतौनी से चकबंदी कराने का विरोध कर रहे हैं। इस मामले को लेकर चकबंदी की टीम ने गांव में बैठक की, किसानों ने पुरानी खतौनी से चकबंदी कराने का विरोध किया। चकबंदी लेखपाल ने किसानों के निर्णय से सहायक चकबंदी अधिकारी को अवगत करा दिया। रामगंगा किनारे स्थित बसे गांव अंबरपुर में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। प्रधान एवं किसानों ने 28 अप्रैल को चकबंदी आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर गांव में चकबंदी 1359 फसली खतौनी से न कराकर वर्तमान खतौनी से कराने की मांग की थी। इस संबंध में चकबंदी लेखपाल प्रेमपाल ने मंगलवार को अंबरपुर में किसानों की बैठक की और 1359 फसली खतौनी से चकबंदी कराने की बात की। प्रधान मुनीश दिवाकर, साकेत शर्मा, शिवसहाय शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सुमित कुमार, प्रदीप आद मौजूद रहे।

# आपातकाल में जुल्म किए गए, जेल में डाला गया


कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोकतंत्र सेनानी बोले- सत्ता पर काबिज रहने के लिए इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल
- कहा- सत्ता को बचाने और विरोधियों को कुचलने के लिए उठाया गया था अलोकतांत्रिक कदम

**अमृत विचार :** 25 जून 1975 की रात को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय माना जाता है। लोकतंत्र सेनानियों का मानना है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने और विरोधियों को कुचलने के लिए यह अलोकतांत्रिक कदम उठाया था।

लोकतंत्र सेनानियों ने बताया कि देश में आपातकाल लागू होने के बाद लोगों को गिरफ्तार जेल में डाल दिया गया। कई लोकतंत्र सेनानियों पर जुल्म किए गए, जिसे याद कर आज भी वे सिहर जाते हैं।

### डंडे से पिटाई के बाद प्लास से नाखून खींच लिए



लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल ने बताया कि देश को आंतरिक और बाहरी कोई खतरा नहीं था। केवल सत्ता पर काबिज रहने की गरज से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए तानाशाही का राज स्थापित करने को आपातकाल लगा दिया। उस समय वह पुराना शहर का सहसवानी टोला में रहते थे। सितंबर 1975 में 11 लोगों की एक बैठक की, जिसमें तानाशाही के खिलाफ और लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष करने को रक्त से हस्ताक्षर कर संकल्प लिया। 28 अक्टूबर 1975 को कोतवाली इंस्पेक्टर हाकिम राय ने उन्हें गिरफ्तार किया था। इंस्पेक्टर ने उनकी डंडे से पिटाई की। 29 अक्टूबर की सुबह सीओ के कमरे में तत्कालीन डीएम माता प्रसाद के सामने पहले मेरी डंडे से पिटाई की, बाद में प्लास से हाथों के नाखून खींच लिए। मेरे हाथों से खून बहता रहा और मुझे पैदल ही कचहरी भेज दिया गया। जहां से मुझे जिला जेल में शाम को कैद कर लिया गया।

### सरकार विरोधी पर्चे बांटने पर पुलिस ने किया था गिरफ्तार



आलमगीरीगंज के मोहल्ला मठ की चौकी निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी सतीश शर्मा ने बताया कि आपात काल लागू होने के बाद बरेली कालेज के कामर्स विभाग में सरकार विरोधी पर्चे बांटते हुए बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाने में एक रात रोकने के बाद दूसरे दिन 23 दिसंबर 1975 को जेल भेज दिया गया। उनके साथ शिशुपाल कन्नौजिया को भी जेल भेज दिया गया। आपातकाल के समय की प्रताड़तना को याद कर लोकतंत्र रक्षक सेनानी आज भी सिहर जाते हैं। आपातकाल लोकतंत्र के नाम काला अध्याय है।

### बर्फ की सिल्ली पर लिटाकर पीटा गया था



बदायूं के दातागंज निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी विनोद गुप्ता ने बताया कि आपातकाल के समय वह बरेली कॉलेज में विधि के छात्र थे। स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में रहकर पढ़ाई करते थे। आपातकाल लागू होने पर वह घर चले गए। 25 दिसंबर 1975 को वह दातागंज में साथियों के साथ सत्याग्रह पर बैठ गए। यहीं से गिरफ्तारी हुई और रात में दातागंज थाने में रखा गया। उस समय मेहरबान सिंह पुलिस कप्तान थे। उनके आदेश पर पूरी रात प्रताड़ित किया गया और बर्फ की सिल्ली पर लिटाकर लाठियों से पिटाई की गई। इसके बाद जेल भेज दिया गया और मीसा कानून में निरुद्ध किया गया। 22 मार्च 1977 को बदायूं जेल से रिहा किया गया था।

## खाद और बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण, 11 नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार:** कृषि विभाग के अधिकारियों ने टीम के साथ मंगलवार को आंवला और अलीगंज में खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद और बीज के 11 सैंपल लिए गए। रिकॉर्ड पूरे न होने पर कई दुकानदारों को नोटिस दिए गए। कुछ विक्रेता दुकानें बंद कर भाग गए। उनके खिलाफ नोटिस जारी किए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि मंगलवार को खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के लाइसेंस एवं उपलब्ध स्टॉक देखा। दुकानों से खाद-बीज लेकर जा रहे किसानों से खरीद की रसीद देखी। आंवला में तीन तो अलीगंज में पांच दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों से लिए गए 11 सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।










# जैविक खेती अपनाकर बढ़ा रहे आमदनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डेढ़ साल में दोगुनी हो गई जैविक खेती करने वाले किसानों की तादाद
- सरकारी सहायता के साथ किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण भी मिल रहा



फरीदपुर में एक खेत में धान लगाते किसान। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह किसानों की आमदनी भी बढ़ा रही है। जिले में पारंपरिक खेती से हटकर ऑर्गेनिक खेती करने वाले किसानों की संख्या बढ़ रही है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं।

डेढ़ साल पहले जिले में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या करीब डेढ़ हजार थी, मगर अब तीन हजार पार कर गई है। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी बताती हैं कि जैविक खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। जैविक खेती से उत्पादित फसलें स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती हैं, जिससे इनकी मांग बढ़ रही है। सरकार की ओर से भी जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) समेत कई योजनाएं चल रही हैं। जिसके तहत किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, साथ ही उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। ऑर्गेनिक खेती के लिए विशेषज्ञों की टीम भी बनाई गई है, जो किसानों को खेती के तरीके और फायदों के बारे में जानकारी देती है।

**कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका भी अहम :** नवाबगंज के प्रगतिशील किसान सुभाष गंगवार जैविक सब्जियों की खेती करते हैं और अपने उत्पादों को ऑनलाइन बेचते हैं। वह बताते हैं कि आर्गेनिक खेती के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका अहम है। यहां के वैज्ञानिक समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण व मार्गदर्शन देते हैं। वह बताते हैं कि किस मौसम में कौन सी फसल बोई जाए और किस तकनीक से उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। कहा कि जैविक खेती से भविष्य में बेहतर परिणाम की उम्मीद की जा रही है।

### मनोज जैविक पद्धति से कर रहे फसल और सब्जियां

फरीदपुर के भगवानपुर कुंदन के प्रगतिशील किसान मनोज कुमार 15 एकड़ में जैविक धान, गन्ना व सब्जियों की खेती करते हैं। वह बताते हैं कि पारंपरिक खेती के मुकाबले ऑर्गेनिक खेती स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। जल संरक्षण में भी सहायक है। कहा कि किसान जैविक खेती अपनाकर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं। कहा कि जैविक खेती को लेकर जैसे-जैसे लोगों की जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे उसके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

## सार-संक्षेप

### यूटा ने नवागत लेखाधिकारी का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नवागत लेखा अधिकारी जगवीर सिंह का स्वागत किया। लेखाधिकारी ने आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षकों के कुछ लंबित एरियर एवं चयन वेतनमान लगने हैं जिनको वरीयता में पूर्ण कराया जाए। लेखाधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं को निदान करने का आश्वासन दिया। जिला महामंत्री हरीश बाबू, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, अरविंद गुर्जर, रमेश मौर्य, वीरेंद्र गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, राजेश कुमार सिंह, देवराज भारती, राजेश कुमार, रवि कुमार, विनोद कुमार जसबीर, अभिषेक सिंह, अंकित राज, सत्यवीर पाल आदि मौजूद रहे।

### डॉ. प्रिया सक्सेना ने ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तुत किया शोधपत्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सह प्रोफेसर डॉ. प्रिया सक्सेना ने ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में आयोजित 10वें विश्व पुरातत्व सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन किया। यह सम्मेलन 22 से 28 जून तक फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी और चार्ल्स डार्विन यूनिवर्सिटी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। डॉ. सक्सेना ने प्रतीकात्मकता के माध्यम से भारतीय कला में समावेशिता : एक अवलोकन विषय पर अपना शोधपत्र इमब्लम ऑन दा मूव सेशन में प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय कला में प्रतीकों के माध्यम से धार्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक समावेशिता को दर्शाया, जिससे वैश्विक शोधकर्ताओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिला। सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने डॉ. सक्सेना को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धि बताया। सम्मेलन में ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी कला, संगीत और पुरातात्विक स्थलों का विशेष प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ. सक्सेना की सहभागिता से भारतीय पुरातत्व को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिली है।

### चयन वेतनमान के लिए बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की भोजीपुरा ईकाई ने शिक्षकों के चयन वेतनमान की समस्या को लेकर बीईओ को ज्ञापन सौंपा। बीईओ ने तत्काल संबंधित पटल सहायक को सभी का चयन वेतनमान अग्रसारित करने का आदेश दिया। जिला उपाध्यक्ष ललित गंगवार, भोजीपुरा अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह गुर्जर, मंत्री सिंकुल गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह, मुकेश गंगवार, अरविंद गंगवार, उमेश ठाकुर, सोमपाल गंगवार, कौशलेन्द्र कनौजिया, अखिलेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग की कथा सुनाई



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर में श्री सोमनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को आचार्य शंभू नाथ योगी ने गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग की कथा सुनाई। साथ ही हनुमान चालीसा, हनुमान आष्टक, राम स्तुति का पाठ हुआ। मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया। रामदयाल मोहता, महावीर शरण अग्रवाल, विवेक तायल, अनूप अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, राहुल गुप्ता, संजीव मेहंदीरत्ता, संजीव अग्रवाल, विष्णु प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### बाल रामायण का निशुल्क वितरण



**बरेली, अमृत विचार :** बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने मंगलवार को सुशीला देवी विद्या मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर बाल रामायण की प्रतियां निशुल्क वितरित की गईं। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल, प्रबंधिका डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. सौम्या अग्रवाल, अंजना शर्मा, पिंकी गंगवार, देवांश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 617 परिषदीय स्कूलों का होगा विलय

## सुविधाएं, नामांकन के आधार पर विलय के प्रस्ताव बीएसए के सामने रखे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए कम संख्या वाले स्कूलों को विलय किया जाना है। इसके लिए 0 से 50 तक नामांकन वाले 617 विद्यालय चिह्नित हो चुके हैं।

डीएम अविनाश सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर विलय या युग्म विद्यालयों के लिए आवश्यक प्रक्रिया बुधवार तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत अपर्याप्त छात्र नामांकन वाले विद्यालयों का चिह्नीकरण व डेटा तैयार करने कहा है। इन विद्यालयों की सुविधाएं, पहुंच, नामांकन, समावेशिता और स्थानीय परिस्थितियों व आवश्यकताओं के आधार पर विलय के प्रस्ताव बीएसए के सामने रखे जाएं। इस विलय प्रक्रिया के लाभ के बारे में सभी अभिभावकों, जनसमुदाय, विद्यालय के शिक्षक व शिक्षक संघ को समझाया जाए।

### विलय के विरोध में नवाबगंज विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अगुवाई में भदपुरा और नवाबगंज के शिक्षकों ने स्कूल विलय के विरोध में मंगलवार को विधायक डॉ. एमपी आर्य को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि प्रदेशीय अध्यक्ष सुशील पांडे के आह्वान पर प्रथम चरण में सांसद और विधायक को स्कूल विलय में आ रही समस्याएं से अवगत कराया जा रहा है। सभी शिक्षकों ने स्कूल मर्ज में आ रहीं शिक्षकों और छात्रों की समस्याओं के बारे में बताया। दोनों ब्लॉक अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रानू, पुष्प राज गंगवार, मंत्री राजवीर सिंह, हरीश गंगवार ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि स्कूल विलय के खिलाफ जो भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी, संगठन लड़ेगा और स्कूल विलय न होने दिया जाएगा। जिला मंत्री बलबीर सिंह, गंगा देव गंगवार, नवल किशोर, अशोक कुमार, शैली कपूर, विद्या चौधरी, मोर किशोर, मनोज गंगवार आदि मौजूद रहे।



विधायक डॉ. एमपी आर्य को ज्ञापन देने पहुंचे भदपुरा और नवाबगंज ब्लॉक के शिक्षक। ● अमृत विचार

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्राथमिकता वाहनों की फिटनेस चेक की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवागत आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने पदभार संभालते ही मंडल के एआरटीओ को जारी किए निर्देश
- कहा- मंडल में चेकिंग अभियान चलाकर स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों को परखा जाएगा

**अमृत विचार :** नए आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। एक जुलाई को स्कूल खुलेंगे। जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस हो चुकी है, उनका सत्यापन किया जाएगा और जो स्कूली वाहन फिटनेस होने से बचे हैं। उनके लिए विभाग शिविर शुरू करेगा। 30 जून तक हर हाल में स्कूल संचालक वाहनों की फिटनेस जांच करा लें।



प्रणब झा, आरटीओ प्रवर्तन।

उन्होंने बताया कि मंडल के समस्त एआरटीओ को भी इस संबंध में स्कूल संचालकों को निर्देश जारी करने को कहा है। कहा एक जुलाई को स्कूल खुलने के बाद विभाग की ओर से मंडल के समस्त जिलों में अभियान चलाया जाएगा। स्कूली वाहनों कि सीटबेल्ट, फायर एक्सटिंग्विशर, सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता देखी जाएगी। किसी तरह की कमी अगर मिलती है तो वाहनों के साथ ही स्कूल की मान्यता भी खतरे में पड़ेगी। संबंधित स्कूल संचालक पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। साथ ही दिल्ली से आने वाली बसों में अवैध परिवहन को लेकर सबसे अधिक शिकायतें रहती हैं। इसलिए वाणिज्यकर विभाग और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर दिल्ली रोड पर वाहनों की चेकिंग करेगा।

## मारपीट के मामले में छात्र-छात्रा सात दिन के लिए निष्कासित

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को मारपीट के मामले में एक छात्र और एक छात्रा को सात दिन के लिए निष्कासित कर दिया है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के अनुशासन समिति की संस्तुति के आधार पर लिया गया।

23 जून को परिसर के भौतिक विज्ञान विभाग के बाहर एक छात्रा ने अपने भाई को बुलाकर अपने सहपाठी छात्र की पिटाई कराई थी। इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से की गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार छात्र और छात्रा दोनों को अनुशासनहीनता का दोषी पाया गया। दोनों पर विश्वविद्यालय परिसर में अशांति फैलाने, अनुशासन भंग करने और अन्य विद्यार्थियों को असुविधा पहुंचाने का आरोप सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों को 24 जून से 30 जून तक विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया है। इस अवधि में दोनों विद्यार्थियों को किसी भी शैक्षणिक या प्रशासनिक कार्यकलाप में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

# प्रकृति मित्र बनकर शिक्षकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रकृति मित्र शिक्षक सम्मान समारोह व कार्यशाला आयोजित
- यूपी और उत्तराखंड के 160 से अधिक शिक्षक हुए शामिल

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग और मिशन शिक्षण संवाद की ओर से मंगलवार को बदायूं रोड स्थित एक रिजार्ट में प्रकृति मित्र शिक्षक सम्मान समारोह 2025 और कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें यूपी और उत्तराखंड के 160 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रकृति मित्र के रूप में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रतिनिधि अनिल सक्सेना और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल रहीं। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौधरोपण किया गया। बच्चों ने कथक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आलमपुर जाफराबाद के संविलियन विद्यालय पंडरी प्रेमराजपुर के बच्चों ने प्रकृति मित्र एवं जल संरक्षण के विषय पर नाटक प्रस्तुत किया।





सम्मानित हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल।

कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शिक्षकों की ओर से किए गए प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मिशन शिक्षण संवाद ऐसा संगठन है, जहां हर शिक्षक कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में शौचालय व्यवस्था की कमी पाई जाती है, इसलिए उनका प्रयास रहेगा कि हर विद्यालय में शौचालय जरूर बनें।

मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने कहा कि प्रकृति मित्र की शुरुआत 2016 में की गई। जिसके तहत पौधों को लगाया जाता है। उनकी देखभाल की जाती है। जिला संयोजक रुपेंद्र सिंह ने रेड टेप मूवमेंट कार्यक्रम की जानकारी दी। शिक्षिका रूचि को कविता पाठ किया। अपूर्व कश्यप ने सेव वाटर के विषय पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आलमपुर जाफराबाद के बीईओ सतीश वर्मा, प्रीति शर्मा, सुरेश कुमार, महावीर प्रसाद, अनिल कुमार गंगवार, अर्पण आर्य, राखी सक्सेना, शबीना परवीन, अशोक गुर्जर, मधुरेश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रवेश तिथि बढ़ने के आसार

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ाई जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन के सूत्रों के अनुसार 25 जून अंतिम तिथि निर्धारित है, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 जुलाई तक किया जा सकता है।

अभी बड़ी संख्या में छात्र आवेदन नहीं कर पाए हैं। साथ ही कई कॉलेजों से यह अनुरोध भी आया है कि उन्हें छात्रों को मार्गदर्शन देने और दस्तावेजों की तैयारी के लिए और समय दिया जाए। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर भी पिछले कुछ दिनों में सर्वर स्लो होने की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके कारण कुछ विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश आवेदन लिए जा रहे हैं।

रुहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

## मोहर्रम के चांद से होगा इस्लामी नए साल का आगाज

- 26 को देखा जाएगा चांद, इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है मोहर्रम

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम है। 26 जून यानी गुरुवार की शाम चांद देखा जाएगा। चांद के दीदार के साथ 27 या 28 जून को इस्लामी 1447 हिजरी का आगाज होगा। दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि इस तरह यौमे आशूरा (10 वां मोहर्रम) 6 या 7 जुलाई को पड़ेगा।

दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि पहले मोहर्रम को इस्लाम के दूसरे खलीफा उमर फारूक की शहादत हुई। उन्होंने कहा कि पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन को उनके 72 साथियों को कर्बला की तपती धरती पर भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया। इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपना सिर हुकूमत के सामने झुकने नहीं दिया। बल्कि सिर कटा कर इस्लाम का परचम बुलंद कर दिया। बुराई के खिलाफ आवाज बुलंद करने का पैगाम भी कर्बला का मैदान देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान इस माह शहीद-ए-कर्बला को खिराज पेश करने के लिए ज्यादा से ज्यादा भलाई के काम करें। गैर शरई कामों से बचते हुए नमाज की पाबंदी, कुरान की तिलावत, रोजा रखने के साथ इमाम हुसैन की याद में महफिल सजाएं। लंगर का आयोजन करते समय यह ध्यान रखें कि लंगर को लुटाने की जगह बैठ कर खिलाएं। बेसहारा लोगों का खास ख्याल रखें। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ का हिस्सा लें। ज्यादा से ज्यादा पौधे रोप कर हरियाली बढ़ाएं। पौधारोपण हमारे नबी की सुन्नत है। पेड़ लगा कर अपने शहर को हरा भरा कर पर्यावरण बचाने के लिए काम करें।

# प्रॉपर्टी व शेयर्स विक्रय किए हैं तो देना होगा कैपिटल गेन टैक्स

**बरेली, अमृत विचार:** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की पहली मासिक सभा मंगलवार को अध्यक्ष राजा चावला की अध्यक्षता में हुई।

वक्ता रोहन गर्ग ने कैपिटल गेन में आए नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए बताया कि आयकर विभाग के पास सभी डेटा मौजूद है। यदि किसी व्यक्ति ने कोई भी प्रॉपर्टी, शेयर्स, म्युच्युअल फंड आदि के विक्रय किए हैं तो कैपिटल गेन टैक्स की देयता बनती है। उचित टैक्स जमा न करने पर नोटिस आने की पूरी संभावना है। यूनिट लिंक्ड पालिसी के मैच्योरिटी भुगतान पर भी कैपिटल गेन टैक्स की देयता बनती है।

सभी बार के सदस्यों ने कैपिटल गेन टैक्स के प्रावधानों पर गहन विचार विमर्श और चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से सीए मोहित टंडन, सीए रमन बजाज, सीए गुरुदेव चावला, सीए विजय गोयल और सीए अखिल रस्तोगी ने भाग लिया। एसोसिएशन के सचिव सीए अतुल अग्रवाल ने मंच का संचालन किया। वक्ता रोहन गर्ग का सम्मान पूर्व अध्यक्ष राकेश कुंवर ने किया। अंत में सीए मोहित टंडन ने सभी का धन्यवाद दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष सीए साहिल गुप्ता, संयुक्त सचिव सर्वोदय प्रजापति, एडवोकेट गोविंद सक्सेना, सीए रतन गुप्ता आदि मौजूद रहे।





इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की मासिक सभा में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की पहली मासिक सभा आयोजित

## बिहारीजी मंदिर में भागवत कथा आज से

- शिवम शर्मा ने दी भजनों की प्रस्तुति झूम उठे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर खत्रियान स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा आरंभ होगी। मंगलवार को भजन गायक शिवम शर्मा ने करुणामई कृपा कीजिए, श्री राधेनाम, मेरी राधा रानी आदि भजन सुनाए। सेवादार अमित कपूर ने बताया कि बुधवार से कथा व्यास व्योम त्रिपाठी महाराज कथा सुनाएंगे। मुख्य अतिथि पूर्व उपसभापति अतुल कपूर, सोनिया अतुल कपूर, मीनू कपूर, रीना गर्ग, शिवम कपूर, तरुण कपूर, रुक्मणी, पूर्णिमा मेहरा, रति मेहरोत्रा, रानी सक्सेना, कविता ओबराय आदि उपस्थित रहे।

स्नातक पंजीकरण प्रवेश की 25.06.25 अंतिम तिथि आज
सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777

# वीर वैभव को मिस्टर और आयुषी को मिला मिस फेयरवेल का खिताब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने दी नृत्य और गायन की प्रस्तुति

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज व फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में फ्लोरा और फाउना थीम पर विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे सभागार में हुई। अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ छात्रा पूनम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

डीन डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए शुभकामनाएं दीं। फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के एचओडी डॉ. प्रशांत गुप्ता ने छात्रों को जीवन के व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रो. संजीव सैनी ने अपने अनुभव साझा किए। फॉरेंसिक विभाग की छात्रा प्रियांशी ने समूह के रूप में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। रैंप वॉक के पहले राउंड में सीनियर छात्रों ने थीम के अनुरूप विशेष परिधान पहनकर रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बीएमएलटी की छात्रा रिया, बीपीटी के छात्र अकमल, बीआरआईटी के छात्रों ने नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान बीपीटी के वीर वैभव को मिस्टर और आयुषी को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। बीएमएलटी के विकास बाबू और बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री की पलक रनर-अप रहे।

अरबाज और दृष्टि को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। असिस्टेंट प्रो. अंबर आजमी ने आभार जताया। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि विदाई का क्षण अवश्य भावनात्मक होता है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी जहां भी जाएंगे, बीआईयू के मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे और नाम रोशन करेंगे। संचालन अजय उपाध्याय ने किया। असिस्टेंट प्रो. महिमा तिवारी, उरुसिया परवीन, अंकित कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।





बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में विदाई समारोह।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

# कांवड़ यात्रा और मोहर्रम पर कोई नई परंपरा न डाली जाए

## एडीजी ने जोन की पुलिस को किया अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों की जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर एडीजी रमित शर्मा ने मंगलवार को कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को पुलिस को हाई अलर्ट पर रहते हुए कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

एडीजी रमित शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी थानों में त्योहार रजिस्टर का अवलोकन किया जाए। शांति समितियों और धर्मगुरुओं के साथ बैठकें करें और कोई नई परंपरा शुरू न करने दी जाए। उन संवेदनशील क्षेत्रों की जांच कर ली जाए जहां पर पूर्व में तनाव या विवाद हुआ हो। उच्चाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थिति की समीक्षा करें और आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की रणनीतिक तैनाती सुनिश्चित की जाए। एडीजी ने निर्देश दिया कि ड्रोन कैमरों और रूफटॉप ड्यूटी के माध्यम से निगरानी की जाए। शिविर आयोजकों से समयबद्ध समन्वय, डीजे एवं साउंड सिस्टम के मानकों का पालन, सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था और आपत्तिजनक ऑडियो पर पूर्ण प्रतिबंध, अपराध नियंत्रण कर जनता से सीधे जुड़ने और रंजिशन हत्या और धार्मिक भावना से जुड़े मामलों की सूची बनाकर निरोधात्मक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि हत्या, लूट, डकैती जैसी वारदातों पर राजपत्रित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचें। गैंग और संगठित अपराधियों पर कठोर कार्रवाई हो। महिला अपराधों में त्वरित निस्तारण और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जाए और तकनीकी दक्षता से अपराधों पर अंकुश लगाया जाए। शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि ही असली समाधान है, न कि केवल फाइलें बंद कर देना। सीएम हेल्पलाइन, पुलिस मुख्यालय और आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने जेटीसी प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवप्रवेशी आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्ययोजना की समीक्षा भी की। डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसएसपी बरेली अनुराग आर्य, एसपी बदायूं डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी, एसपी पीलीभीत अभिषेक यादव सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।


जोन कार्यालय में अफसरों के साथ बैठक करते एडीजी रमित शर्मा। ● अमृत विचार

### ड्रोन से छतों को किया चेक, मिले पत्थर



मोहर्रम और सावन माह को देखते हुए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। थाना बारादरी पुलिस ने मंगलवार को कई मोहल्लों में ड्रोन उड़ाकर घरों की छतों को चेक किया। जिन छतों पर ईंट, पत्थर मिले उन्हें हटवाया और दोबारा न रखने की हिदायत दी। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि शहामतगंज, शाहदाना, कालीबाड़ी, सैलानी, गोसाई गौटिया, शाहनूरी मस्जिद, मौर्या गली और जोगीनवादा में ड्रोन उड़वाकर छतों को चेक किया। जोगी नवादा में कुछ छतों पर पुलिस को ईंटे रखी दिखाई दीं। उन्हे हटवा दिया गया है।

## कांवड़ यात्रा से पहले सड़कें गड्ढामुक्त करेगा पीडब्ल्यूडी

**बरेली, अमृत विचार:** शासन ने कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए पीडब्ल्यूडी को सड़कें गड्ढामुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय और निर्माण खंड ने जिले में 21 सड़कों को चिह्नित किया है। जिनकी मरम्मत कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक जिले में 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। पहली श्रेणी में मुख्य, ग्रामीण, राजकीय और अन्य मार्गों में शिव मंदिरों तक जाने वाली सड़कें शामिल हैं। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि विभाग ने सर्वे करने के बाद 21 सड़कों की सूची तैयार की है। इनमें पीलीभीत बाईपास, नवाबगंज के बरखन से क्योलड़िया रोड, केसरपुर मार्ग, चौपुला रोड की सड़क, बदायूं रोड समेत अन्य मार्गों पर पैचवर्क का कार्य किया जाएगा ताकि कांवड़ियों को समस्या न हो। इसे कार्य को कांवड़ यात्रा से पूर्व पूरा करने को टीमें लगा दी हैं। 11 जुलाई से पहले सड़कों की मरम्मत करा दी जाएगी।

## टॉप-10 अपराधियों और गैंगस्टरों पर करें सख्त कार्रवाई : डीआईजी

**बरेली, अमृत विचार :** डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने मंगलवार को रेंज के चारों एसएसपी और एसपी के साथ आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने रेंज के टॉप-10 अपराधियों और गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्तर पर हुई समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर जिलों की स्थिति जानी। उन्होंने माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई, लंबित विवेचनाओं, इनामी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की प्रगति देखी और एससी-एसटी एक्ट, महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों पर सख्त रवैया अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों में तेजी से कार्रवाई हो और दोषियों को जेल भेजा जाए। मिशन शक्ति अभियान को पूरी ताकत के साथ चलाया जाए। डीआईजी ने साइबर थानों और अन्य थानों पर साइबर अपराधों की विवेचना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन मामलों को हल्के में न लें। इन पर गंभीरता से काम करें और तकनीकी टीमों को मजबूत करें। इसके अलावा बैठक में पुलिसकर्मियों की पेंशन, लंबित भुगतान और मृतक आश्रितों की नियुक्तियों की देरी के सभी मामलों को प्राथमिकता में रखकर निस्तारण के आदेश दिए।

**यातायात व्यवस्था और सड़क हादसों पर चिंता :** उन्होंने ब्लैक स्पॉट की पहचान, सड़क हादसों के आंकड़ों की समीक्षा और इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में अपडेट की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था चुस्त हो और हादसों पर रोक लगे। डीआईजी साहनी ने दो टूक कहा कि हर जिले में एसएसपी और एसपी खुद मॉनिटरिंग करें और छोटी से छोटी सूचना पर तुरंत एक्शन लें।

**संवेदनशील स्थानों को करें चिह्नित :** डीआईजी ने आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी जिलों को निर्देश दिए कि रूट चार्ट, सुरक्षा प्लान और संवेदनशील स्थानों की पहचान समय से कर ली जाए ताकि यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो। वहीं थानों में जब्त वाहनों और मालों के निस्तारण, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और थानों की निरीक्षण रिपोर्ट को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि थानों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए। बैठक में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अधिकारी शामिल रहे।

## तीन तस्कर 63 किलो डोडा छिल्का के साथ दबोचे


पुलिस हिरासत में आरोपी व बरामद डोडा छिल्का। ● अमृत विचार

● **भरतौल-हरुनगला रोड पर चेकिंग के दौरान किया गिरफ्तार**

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने भरतौल-हरुनगला रोड पर चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को 63 किलो डोडा छिल्का के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 15.75 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आंवला के गांव बझेडा निवासी रघुनाथ, बदायूं के थाना बिसौली के दसौली निवासी बबलू और बिशारतगंज के गांव रहमानपुर निवासी छत्रपाल के रूप में हुई है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सोमवार रात शहामतगंज चौकी प्रभारी अखिलेश उपाध्याय, सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव अत्री, चौकी मॉडल टाउन प्रभारी कुशलपाल सिंह अपनी-अपनी चीता मोबाइल के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच जानकारी मिली कि भरतौल-हरुनगला रोड पर टीन शेड के पास कुछ तस्कर घूम रहे हैं। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर दबिश देते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि डोडा छिलका बेचने के लिए लेकर आए थे। उनके साथी रहमानपुर निवासी बाबूराम और श्यामसुन्दर माल लेने के लिए आए थे। वे चार पहिया वाहन तलाश करने के लिए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, छह बोरियों में 63 किलो डोडा छिलका बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

## मोहर्रम के जुलूस को लेकर बिजली अफसरों की लगाई डयूटी

**बरेली, अमृत विचार:** मोहर्रम के जुलूस को लेकर बिजली अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। अधीक्षण अभियंता की ओर से अधिशासी अभियंता के साथ एसडीओ और जेई की भी मोहर्रम के जुलूस के रूट पर ड्यूटी लगाई जाएगी। रूट पर सुरक्षा के लिहाज से बिजली आपूर्ति को भी बंद रखा जाएगा।

शुक्रवार या शनिवार से मोहर्रम का आगाज हो जाएगा। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग इलाकों में मोहर्रम के जुलूस निकलेंगे। जुलूस के दौरान बिजली की लाइन से किसी तरह का हादसा नहीं हो इसको लेकर अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल ने बताया कि 27 जून से 7 जुलाई तक मोहर्रम के दौरान जुलूस के मार्ग पर झुमका चौराहा, किला, बाकरगंज, हुसैन बाग, ईदगाह में अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र चौहान, एसडीओ अभिषेक कपासिया, जेई चंद्रमा प्रसाद और विश्वप्रताप मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मठ की चौकी कांकर टोला, जगतपुर तिराहा, चकचुंगी, फाइक इंक्लेव में अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार, एसडीओ अभिषेक सिंह, जेई नीरज पवार और जितेन्द्र केसरवानी तैनात रहेंगे।

## साढ़े सात लाख रुपये की चोरी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अपने मालिक के साढ़े सात लाख रुपये चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने करीब सात लाख रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इन्द्रा नगर पार्क, मंडावली दिल्ली निवासी अजय कुमार साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी अमित कुमार पांडे ने बताया कि 11 जून को दिल्ली के सुखसागर अपार्टमेंट आईपी एक्सटेंशन पटपड़गंज निवासी चिराग छावड़ा ने साढ़े सात लाख रुपये चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को सूचना मिली कि सोमवार रात रेलवे स्टेशन के पास अजय मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है।पुलिस टीम ने फौरन कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के करीब सात लाख रुपये बरामद कर लिए।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मूल रूप से बलिया के थाना रेवती के गांव मनु छपरा का रहने वाला है। उसके पिता भुनेश्वर साहनी पीडब्लूडी में असम में नौकरी करते हैं। वह असम से ही 10वीं पास है। उसकी एक बहन है, जिसे दिखाई नहीं देता। उसके साथ उसकी पत्नी प्रियंका साहनी और दो बेटे दिल्ली में रहते हैं। वह चिराग छावड़ा की गाड़ी चलाता है। चिराग कुछ दिन पहले बरेली में जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कार से बरेली आये थे। उसने उनकी कार से रुपये चोरी कर लिए थे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

● **आरोपी की पहचान दिल्ली निवासी अजय के रूप में हुई**

● **पुलिस ने रुपये बरामद कर आरोपी को जेल भेजा**

## सार-संक्षेप

### दबंग झूठे मुकदमे में फंसाने की दे रहे धमकी



**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की कांशीराम सद्भावना कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त सैनिक मुख्तयार सिंह ने मंगलवार को एसएसपी अनुराग आर्य को प्रार्थना पत्र देकर अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। आरोप है कि मोहल्ले के कुछ दबंगों से उन्हें जान को खतरा है। मुख्तयार सिंह ने बताया कि वह अब प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन उपद्रवी तत्व उन्हें और उनके परिवार को झूठे गुंडा एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा दिया गया। उन्हें थाना कैंट में हाजिर होकर बार-बार सफाई देनी पड़ रही है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपना मकान तक छोड़ दिया है और अब किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं।

### भविष्य निधि कार्यालय में तैनात रहे आयुक्त के पिता का निधन, कर्मचारियों ने शोक जताया

**बरेली, अमृत विचार :** भविष्य निधि कार्यालय में वर्ष 2019 से 2023 तक तैनात रहे आयुक्त अंकुर पी. गुप्ता के पिता हरि प्रकाश गुप्ता (73) निवासी संजय नगर का मंगलवार सुबह करीब पांच बजे लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर भविष्य निधि कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। हरि प्रकाश का अंतिम संस्कार संजय नगर स्थित श्मशान भूमि में हुआ। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार, प्रवर्तन अधिकारी विजय कुमार, मुकेश सिंघल, सौरभ रस्तोगी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन वीरेंद्र गंगवार, डॉ. पुनीत सौढ़ी आदि मौजूद रहे।



### दस दिन से लापता बच्चे का नहीं लगा सुराग


**बरेली, अमृत विचार :** दस दिन से लापता 13 वर्षीय अर्जुन का पता नहीं चल सका है। थाना बारादरी पुलिस सिर्फ गुमशुदगी दर्ज कर शांत बैठ गई है। अब पिता ने एसएसपी अनुराग आर्य को शिकायती पत्र देकर बेटे को तलाश कराने की गुहार लगाई है। डोहरा गौटिया निवासी रामेश्वर दयाल ने बताया कि उनका बेटा अर्जुन 15 जून को दोपहर 11 बजे के करीब घर से बाहर गया था, तब से वापस नहीं लौटा। उन्होंने 17 जून को थाना बारादरी में तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस बेटे को अब तक तलाश नहीं कर सकी है। वह चौकी और थाने के प्रतिदिन चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस कर्मी उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देते हैं। उन्हें अनहोनी की आशंका सता रही है।




सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल 9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177



सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559



बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना



धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Journalism/Mass Communication)
● BA (Hons.) in English
● BA (Hons.) in Political Science
● BA (Hons.) in Sociology
● BA (Hons.) in Economics
● BA (Hons.) in Psychology
● B. Lib.
PG Programs
● MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
● MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
● MA (Translation Studies)
● MA (Applied & Clinical Psychology)
● M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### आज निकलेगी शोभायात्रा

**रिठौरा, अमृत विचार :** नगर में चल रही मां भद्रकाली की प्राण-प्रतिष्ठा पूजा के पूर्ण होने पर बुधवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, श्रुति गंगवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुख्खन लाल पटेल सहित अन्य लोग शामिल होंगे। भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह जानकारी व्यवस्थापक वीरेन्द्र पाल गुप्ता, पुजारी मान सिंह, शिवेंद्र गुप्ता उर्फ भोले, जितेंद्र यादव ने दी है।

### एक लाख रुपये की ठगी

**भमोरा, अमृत विचार :** एक मीटर रीडर ने बिजली का बिल सही कराने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। तीन माह बाद भी जब बिल सही नहीं हुआ तो पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम बल्लिया निवासी सोमपाल ने बताया मेरे यहां बिजली का बिल निकालने मिलक माझरा निवासी एक व्यक्ति आता था, जान पहचान होने पर उसने बिल कम करने के नाम पर 1 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद मेरा मीटर भी उतार कर ले गया तीन माह बाद भी बिल ठीक न होने पर मुझे ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# बुलडोजर चलाकर नाले से हटाया अतिक्रमण

## अतिक्रमणकारियों ने जताया विरोध, अधिकारियों से नोकझोंक के बीच चलती रही कार्रवाई

**खबर का असर**

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** लालफाटक स्थित नाले पर कई साल से लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे नाले की सफाई नहीं हो सकी। इससे बारिश के बाद नकटिया की प्रकाश कॉलोनी में जलभराव हो रहा है।

डीएम के निर्देश पर राजस्व तथा ब्लॉक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मंगलवार को दो जेसीबी की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की टीम से नोकझोंक हुई। 16 जून को हुई बारिश में चनेहटी की प्रकाश कॉलोनी की मुख्य सड़क पर जलभराव होने से बारिश का पानी घरों में घुस गया था। इससे परेशान कॉलोनी वासियों ने उसी दिन कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम अविनाश सिंह को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की थी। डीएम ने पत्र पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार और बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति को तलब करके शीघ्र समस्या निवारण के आदेश लिए थे। 19 जून को नायब तहसीलदार विदित कुमार ने टीम के साथ लालफाटक पहुंचकर अतिक्रमण के स्थानों पर लाल रंग के निशान लगवा कर अतिक्रमणकारियों को दो दिन का समय देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने चिन्हित की गई जगहों को कब्जामुक्त नहीं किया। मंगलवार को नायब तहसीलदार विदित कुमार ब्लॉक अधिकारियों के साथ दो जेसीबी आर पुलिस फोर्स लेकर पहुंचे, अतिक्रमण को हटवाने लगे। बता दें अधिकारियों की ओर अतिक्रमण हटाने को लाल निशान लगाने के बाद कई अतिक्रमणकारी संपूर्ण समाधान दिवस में ध्वस्तीकरण रूकवाने को तहसील सदर पहुंचे थे, लेकिन उनकी दाल नहीं गली।

इस दौरान बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति, एडीओ पंचायत संजीव कुमार पाराशरी, सचिव नीरज कुमार, ग्राम प्रधानपति कांधरपुर कुंवरसेन, ग्राम प्रधानपति चनेहटी रवि साहू, राजस्व निरीक्षक शिव किशोर, लेखपाल सौरभ चौहान, अनिल श्रीवास्तव, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज कुमार उर्फ दीनू, आदेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



टीम ने बरात घर के सामने नाले पर बने फर्श को तोड़कर हटवाया। ● अमृत विचार




> अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। चोक नाले की सफाई कराकर जल निकासी की समस्या दूर कर रहे है। लोगों को शीघ्र जलभराव की दिक्कतों से जल्द राहत मिलेगी।
> **विदित कुमार**, नायब तहसीलदार, सदर

### बरात घर का अवैध चबूतरा किया ध्वस्त

अतिक्रमण हटाने की शुरुआत लालफाटक पुल के नीचे स्थित शराब की दुकान से हुई। इसके बाद जेसीबी सब्जी मंडी होते हुए शिवरूप बरात घर पहुंची। बरात घर के मालिक ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया। अधिकारियों के अनुसार बरात घर में कोई सीवर टैंक न होने से शौचालयों की गंदगी और कार्यक्रमों के दौरान हुआ कूड़ा बेस्टेज, बची हुई सब्जी इत्यादि सीधे नाले में गिराए जाने से यहां नाला पूरी तरह ब्लॉक हो गया था। करीब 10 से 15 फीट सड़क तक पूरा नाला पाटकर उस पर टाइल्स बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### तीसरे दिन ओखल बंधन की लीला का हुआ मंचन



**आंवला, अमृत विचार :** रामनगर रोड स्थित एक बरात घर में श्रीकृष्ण रासलीला महा महोत्सव के तीसरे दिन श्री कृष्ण की ओखल बंधन लीला का मंचन किया गया। बरसाना धाम के कलाकारों ने ओखल बंधन, कुबेर के पुत्र नल कुबेर, मणि ग्रीव के उद्धार की लीला का मंचन किया। दरअसल नलकुबेर कुबेर के बड़े पुत्र थे। नारद के श्राप के कारण वे और उनके भाई मणिग्रीव वृक्ष बन गए थे, लेकिन श्री कृष्ण की ओखल बंधन की लीला के दौरान स्पर्श से उन दोनों को श्राप से मुक्ति मिल गई थी। कार्यक्रम में सूरजभान गुप्ता, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, रानू अग्रवाल, नितिन महाराज, विष्णु अग्रवाल, राजेश मित्तल, धनवीर सिंह, अखिलेश गुप्ता, विनीत शर्मा, अर्पित मित्तल, राधाकृष्ण एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### हिंदू संगठन के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा



**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों ने कस्बे में एक शोभायात्रा निकाली। जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत दोपहर में पुरैना मंदिर से हुआ। जो त्रिपोलिया ढ़ाल, फूटा दरवाजा, रामलीला गेट, भुर्जी टोला, पक्का कटरा, स्टेट बैंक चौराहा, गंज त्रिपोलिया होते हुए सरकारी अस्पताल के समीप एक स्कूल पर संपन्न हुई। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनुपम शंखधार ने बताया कि संगठन ने आंवला जिले में राष्ट्रीय महिला परिषद की घोषणा की है। जिसके लिए जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नैना पाल को सौंपी गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पवन हिंदू, हिमांशु सोलंकी, रोहित शर्मा, पंकज सिंह, जयपाल मौर्य, अवधेश मौर्य, सतीश हिंदू, प्रेम मौर्य, यथार्थ शर्मा समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वेयरहाउस में आग बुझाने का हुआ पूर्वाभ्यास

**फरीदपुर, अमृत विचार :** डिस्टिलरी वेयरहाउस में इथेनॉल भंडारण टैंक क्षेत्र में आग लगने पर बचाव के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड फरिदपुर बरेली में आयोजित मॉक ड्रिल में आपातकालीन तैयारी और सुरक्षा प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास में फरीदपुर के फायर अधिकारी टीम के साथ, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीम सहित बरेली, पुलिस इंचार्ज फतेहगंज पूर्वी, प्रबंधन विभाग के उप प्रबन्धक और सुरक्षा टीम शामिल हुई। सभी टीमों से समन्वय पूर्वाभ्यास किया गया।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

Faculty of Paramedical Sciences

Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open

Session 2025-26

Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL

Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences

Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus

Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# 23 दिन बाद जिंदगी से जंग हार गई लक्ष्मी

संवाददाता, नवाबगंज



● **ससुरालियों ने दहेज के लिए मारपीट कर पिलाया था जहर**

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला को 1 जून को मारपीट कर जहर पिलाया दिया था, पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे भाई ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जिसने इलाज के दौरान 23 दिन बाद जिंदगी की जंग हार गई।

थाने में दी तहरीर में फतेहगंज पश्चिमी निवासी पूरन लाल ने बताया उसने बहन लक्ष्मी की शादी दो साल पहले थाना क्षेत्र के गांव जिओरा मकरंद पुर गांव में सत्यपाल से की थी। शादी में उसने हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया था। शादी के बाद से ही उसकी बहन को और ज्यादा दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था, कई बार उसे घर से भी निकाला गया। कई बार पंचायतें हुई जिसके बाद में उसका पति माफी मांग कर उसे अपने साथ ले जाता रहा। लेकिन ससुराल पक्ष की दहेज की मांग औ मारपीट का सिलसिला समाप्त नहीं हुआ। पूरन लाल ने बताया कि 1 जून देर शाम उसकी बहन को उसके पति सत्यपाल ने परिजनों के साथ मिलकर उसे पीटा और जबरदस्ती जहरीला पदार्थ पिला दिया। सूचना पर मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे और आनन-फानन बेटी को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां सोमवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद सौंप दिया। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मूकबधिर के अपहरण करने वाले अभी फरार

**रिठौरा, अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज के एक गांव से शौच करने गई मूकबधिर बच्ची को दो बाइक सवार नकाबपोश उठा ले गए थे। खोजबीन के दौरान आरोपी उसे कुंवरपुर बंजरिया में एक पेट्रोल पंप के पास छोड़कर भाग गए थे। परिजनों को वह बदहवास हालत में मिली थी, उसके कपड़े फटे थे।

परिजनों ने थाना हाफिजगंज में सोमवार को अज्ञात बाइक सवार नकाबपोशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। मंगलवार को पुलिस ने पूरे क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, लेकिन खबर लिखे जाने तक सफलता नहीं लगी। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया बच्ची से पूछताछ की तो उसने इशारों में बताया गांव के निकट ही उसे धक्का देकर गिरा दिया। और वह बंजरिया तक पहुंच गई। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# कांवड़ यात्रा से पहले हो सड़कों की मरम्मत

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं, परंतु टूटी और बदहाल सड़कों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे शिव भक्तों को काफी परेशानी होगी।

स्थानीय निवासियों के साथ केपी शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कस्बे की टूटी हुई सड़क को सही कराने के लिए शिकायत की है। बता दें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले टूटी हुई सड़कों को सही कराने को निर्देश दिए थे। परंतु विभागीय अधिकारियों ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाया। धनेटा-शीशगढ़ रोड नगर पंचायत कार्यालय के पास गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस रास्ते से डाक कांवड़ भी निकलेगी। इस टूटी हुई सड़क पर कांवड़ियों के गिरकर घायल होने की आशंका है। सड़क को सही कराने के लिए कस्बा निवासी केपी शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।



सड़क पर हुए गड्ढे। ● अमृत विचार

## पुलिस ने तस्कर पकड़ा, 200 ग्राम अफीम बरामद

**भमोरा, अमृत विचार:** पुलिस ने धर पकड़ अभियान के तहत एक तस्कर को पकड़ा, तलाशी में उसके पास से दो सौ ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली बल्लिया देवचरा रोड पर नहर की पुलिया के पास एक व्यक्ति अफीम लेकर खड़ा है। जिसे घेराबंदी करके पकड़ लिया गया, तलाशी लेने पर उसके पास से 200 ग्राम अफीम बरामद हुई। उसने अपना नाम अरविंद निवासी बल्लिया बताया।

# शिशु की बल्ब से इलाज करने के मामले में जांच करने पहुंची टीम

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** पीलिया पीड़ित नवजात का एलईडी बल्ब से गर्माहट देकर इलाज करने की वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने पहुंची। नवजात को तत्काल छुट्टी कराकर जिला अस्पताल भेज दिया।

अस्पताल के प्रबन्धक कमल तोमर ने बताया तीन बेटे है तीनों पीजी कर रहे है। अस्पताल में रखी फोटोथेरेपी और वार्मर दोनों हाई वोल्टेज से खराब हो गए थे, इसलिए वैल्पिक इलाज देना जरूरी था।

### बिना पीडियाट्रिशियन के हो रहा बच्चों का इलाज

जब स्वास्थ्य विभाग की टीम उक्त अस्पताल में निरीक्षण के लिए अस्पताल पहुंची तो यहां कि सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं थी, परिसर में कई जगह गंदगी मिली, इसके साथ ही यहां कोई कोई बाल रोग विशेषज्ञ भी तैनात नहीं है, बावजूद इसके बच्चों का इलाज किया जा रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधक ने तर्क दिया कि उनके तीन बेटे पीजी कर रहे हैं। उपकरण खराब होने के चलते बच्चे को त्वरित आराम मिले इसलिए बल्ब से गर्माहट दी जा रही थी।

# मीट और मछली के बाद दूध-दही खाने से नहीं होता विटिलिगो

**विश्व विटिलिगो डे**

## होम्योपैथिक अस्पताल में विटिलिगो से ग्रसित हर माह 20-25 मरीज आ रहे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में हर माह 20 से 25 मरीज विटिलिगो या ल्यूकोडर्मा से पीड़ित आते हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर का ऑटोइम्यून सिस्टम ही मेलानिन बनाने वाली कोशिकाओं को खत्म करने लगता है।

वर्तमान में यह समस्या बच्चों में अधिक सामने आ रही है। अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा का कहना है कि जो लोग सोचते हैं कि मीट- मछली खाने के बाद दूध, चाय आदि पीने से सफेद दागों की समस्या होती है तो ये सबसे बड़ा मिथ है। शुरुआती दौर में जब ये ल्यूकोडर्मा की स्टेज पर होता है तो इसे ठीक किया जा सकता है। विटिलिगो से पीड़ितों को कुछ हद तक राहत भी पहुंचती है। ये जेनेटिक होता है, तो वहीं त्वचा के सफेद होने के अन्य कारण भी हैं, जैसे चोट लगने या एलर्जी के बाद त्वचा की रंगत चले जाना।

### त्वचा हो जाती है ज्यादा संवेदनशील

डॉ. रश्मि ने बताया कि विटिलिगो से त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। इस पर सनस्क्रीन या मेकअप करने से समस्या हो सकती है। विटिलिगो या ल्यूकोडर्मा के इलाज के लिए अल्ट्रावायलेट बी रेयज का प्रयोग किया जाता है। होम्योपैथी में नाइट्रिक एसिड, आर्स सल्फ फ्लेवम, सल्फर गेल्केरिया, सिपिया, टुबरकुलाइनम आदि दवाएं विटिलिगो के उपचार में इस्तेमाल की जाती हैं।


Admission Open

Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942

Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details

For Registration online : www.biu.edu.in

Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404

biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com

biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address

Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus

Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मौजुद्दीन व पुत्रवधु शहाना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हसमुद्दीन पुत्र फकीरी निवासी नगरिया कल्यानपुर तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों टिंकु सिंह व शिवकुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम बिहारी पुत्र मंगली निवासी ग्राम रम्पुरा रतन तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**
मैनें अपने पुत्र शाबान खान व पुत्रवधू शबा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अब्दुल हकीम पुत्र अब्दुल राउफ निवासी ग्राम बड़ागांव तह. पलिया जिला खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सुधीर सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रघुवीर सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम सिमरौली पो. व थाना करेली तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**आवश्यकता है**
सूचित किया जाता है कि विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु गणित, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, सामाजिक विज्ञान विषय के योग्य (बी.एड.) के शिक्षक, छात्रावास अधीक्षिका, कंप्यूटर लैब टेक्नीशियन, ड्राइवर, अनुचर की आवश्यकता है। साक्षात्कार 29 जून- 2025 सुबह नौ बजे से होगा। -**धनवती देवी सरस्वती आवासीय इंटर कॉलेज, उझानी (बदायूं) मो. 7818819872**

**आवश्यकता है**
एक लड़की या महिला की, जो गर्ल्स होस्टल में रहकर सुपरविजन और खाना बनाने का कार्य कर सके। आकर्षक वेतन रहना खाना साथ में।
सम्पर्क करें
**रामपुर गार्डन, बरेली।**
**मो. 9634260005, 9412148721**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र हसीन व उसकी पत्नी नरगिस को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रफीक पुत्र स्व. श्री जुम्मी व श्रीमती रईसाली पत्नी रफीक निवासी 293, जगतपुर नई बस्ती, बरेली।**

**सूचना**
मैनें अपने पुत्र सरताज व उसकी पत्नी मुस्कान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अबरार पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम पालपुर कमलापुर, थाना कैन्ट, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**सूचना**
हम अपने भाई अजीम अहमद पुत्र खुशबू अली एवं उसकी पत्नी राजिया से गलत चाल चलन और अपराधिक गतिविधियों के कारण अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। आज से अजीम अहमद, एवं उसकी पत्नी राजिया से किसी भी अच्छे बुरे कामों का किसी प्रकार का कोई भी हम से संबंध नहीं होगा। **फहीम अहमद पुत्र खुशबू अली निवासी ग्राम गुनारा थाना तहसील जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
मेरे पति महेन्द्र कुमार सक्सेना ने उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद से दिनांक 15.06.2004 को भवन संख्या-सी 1015, राजेन्द्र नगर नामक मोहल्ले के योजना नं. 2 बरेली का विक्रय अभिलेख अपने हक में कराया था। मेरे पति महेन्द्र कुमार सक्सेना का दिनांक 09.01.2024 को स्वर्गवास हो गया, मृत्यु के बाद उक्त मकान के मूल प्रपत्र जिसकी पुस्तक सं. 1 खण्ड सं. 932 पृष्ठ सं. 335/346 प्रमाण पत्र सं.-7242 है। उक्त के मूल पत्र वास्तव में कही गुम हो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिले। यदि कोई व्यक्ति प्रपत्रों का उपयोग करता है तो वह अवैध होगा। **मंगला सक्सेना पत्नी स्व. महेन्द्र कुमार सक्सेना नि. नार्थ एक्सेल बी-36 पूर्वांचल के सामने तह. व जिला बरेली**

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट । सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है ।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/ राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा

> सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

> ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था ।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

> इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

**-फेसबुक वॉल से**

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

> बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्वालामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्वालामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# उत्तराखंड में पंचायत चुनाव पर रोक बरकरार, सुनवाई आज

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मामले में मंगलवार को सरकार को कोई राहत न देते हुए चुनाव पर रोक को बरकरार रखा। हालांकि सरकार का पक्ष सुनने और सभी याचिकाओं पर आज (बुधवार) सुनवाई का आश्वासन जरूर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व इस मामले को रखा गया। महाधिवक्ता ने कहा कि अदालत के आदेश से प्रदेश में पंचायत चुनाव के मामले में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पंचायत चुनाव पर लगी रोक को हटाने की मांग करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की ओर से जो नियमावली तैयार की गई, उसका गजट नोटिफिकेशन 14 जून को हो गया था। उन्होंने गजट नोटिफिकेशन की प्रति भी अदालत को उपलब्ध कराई। अदालत ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए बुधवार की तिथि तय कर दी। अदालत याचिकाओं पर भोजनावकाश के बाद दो बजे सुनवाई करेगी।

बागेश्वर निवासी गणेश कांडपाल व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। गौरतलब है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया विगत शनिवार से शुरू हो गई है।

### जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थी बच्ची

# न चाहकर भी सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल को लेना पड़ा वाची का एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आम से खास हुई वाची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधन को न चाह कर भी लेना पड़ा। हकीकत यह कि वाची के पिता मुख्यमंत्री से न मिलते तो यहां एडमिशन कराने वाला कोई नहीं था।

डीएम और बीएसए समझाकर वक्त निकालने की कोशिश में थे। मुख्यमंत्री के पास जाने के बाद अधिकारियों ने उसे फोन कर एडमिशन होने की जानकारी दी। पिता अमित कुमार और मां प्राची जिलाधिकारी के कहने पर मंगलवार की सुबह 11 बजे वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे। जहां एडमिशन से संबंधित बाकी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसके बाद वाची के वहां पढ़ने लिए प्रवेश होने पर लगा मानों सपने को पंख लग गए हों। वाची ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री से अपने एडमिशन की गुहार लगाई थी।

### नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की दिखी खुशी

मंगलवार सुबह वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे अमित के चेहरे पर एडमिशन की खुशी के साथ नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की थी। वाची के पिता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पल भर में एडमिशन होने का आदेश दिया तो लगा कि अब उनकी बच्ची का भविष्य संवर जाएगा।

- अधिकारी समझाकर वक्त निकालने का कर रहे थे प्रयास
- सोमवार को फोन कर दी एडमिशन होने की जानकारी

### डीएम बोले बधाई हो... बेटी का एडमिशन हो गया

वाची के पिता अमित कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार से निकलने के साथ ही डीएम अनुज सिंह ने फोन कर पूछा कहां हो बधाई हो, आपकी बच्ची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में ही हो गया है। मैंने बताया कि मैं बच्ची के साथ लखनऊ से लौट रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल चले जाना। उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कई बार फोन कर जानकारी ली।

### स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य कर रहे थे इंतजार

सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में अपनी बच्ची का एडमिशन कराने की इच्छा रखने वाले अमित का मुख्यमंत्री के पास पहुंचने के बाद स्कूल में आने को लेकर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य दोनों इंतजार कर रहे थे।



स्कूल के बाहर अमित कुमार, मां प्राची व बहन के साथ वाची। ● अमृत विचार

# हैलट इमरजेंसी के रेड जोन में आग मचा हड़कंप

**कानपुर, अमृत विचार :** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रेड जोन में लगे एक पंखे में अचानक आग लग गई। पंखे को जलता देख पास में भर्ती मरीज के तीमारदारों में चीखपुकार मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों, डॉक्टरों, स्टाफ व इमरजेंसी पीआरओ ने मरीजों को बेड सहित रेड जोन से बाहर निकाला और उनको वार्ड नंबर एक में शिफ्ट किया। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और छानबीन की।

हैलट अस्पताल के रेड जोन के बेड नंबर 12 के ऊपर पंखा लगा था, जिसमे सुबह करीब साढ़े आठ बजे के बाद अचानक आग लग गई। जब आग लगी तो तब बेड नंबर 12 पर पंखे के नीचे यशोदा नगर निवासी माला गुप्ता भर्ती थीं और बगल में फत्तेहपुर निवासी वंश भर्ती थे। पंखे में आग लगने पर मरीजों-तीमारदारों में चीखपुकार मच गई और तीमारदार अपने-अपने मरीजों को आग से बचाने का प्रयास करने लगे। कर्मचारी, इमरजेंसी पीआरओ, डॉक्टर व स्टाफ ने तीमारदारों और मरीजों को उस स्थान से बेड समेत हटाया।

# जान बचाने को तेंदुए से भिड़ गया मजदूर

### लखीमपुर खीरी के जुगनूपुर भट्ठे का मामला, तेंदुए ने पांच को घायल किया

संवाददाता, धौरहरा (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी के गांव में जंगल से भटका तेंदुआ एक ईंट भट्ठे पर पहुंच गया। वहां मौजूद युवक मिहिलाल तेंदुए से भिड़ गया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस दौरान वहां मौजूद लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आया है, उसमें साफ साफ दिख रहा है कि कैसे ईंटों के ऊपर एक युवक ने तेंदुए को दबोचा हुआ है। करफी देर तक युवक और तेंदुआ आपस में भिड़ते रहे।

वहीं ऊपर से ये सारा तमाशा देख रहे लोग ईंट मारकर तेंदुए को भगाने की कोशिश करते रहे। पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने युवक को बचाने के लिए तेंदुए पर ईंटों-पत्थरों से हमला किया तो तेंदुआ युवक को छोड़कर केले के खेत में घुस गया। ईंट भट्ठा धौरहरा वन रेंज के जुगनूपुर में स्थित है। सोमवार को एक तेंदुए ने अचानक वहां काम करने गए गिरधारी पुरवा निवासी मिहीलाल पर हमला कर दिया। हालांकि, युवक डरा नहीं और जानवर से भिड़ गया।



जान बचाने को तेंदुए से भिड़ता युवक। ● अमृत विचार

काफी देर तक तेंदुए से लड़ने के बाद युवक ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई और तेंदुए के हमले से बच निकला। इसी झड़प में वो युवक घायल भी हो गया। युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान तेंदुआ भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर रेंजर और वन दारोगा मौके पर पहुंचे तो तेंदुए ने उनपर भी हमला कर दिया। इससे वन दारोगा और रेंजर समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर तेंदुए को पकड़ लिया है।

धौरहरा वन रेंज के जुगनूपुर गांव स्थित मेड़ई लाल वर्मा के भट्ठे की चिमनी में मंगलवार को तेंदुआ छिपा बैठा था। दोपहर करीब एक बजे तेंदुए ने गिरधारी पुरवा गांव निवासी मिहीलाल (35) पर हमला कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। तेंदुए को देखकर ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव और ग्रामीणों के शोर शराबे पर तेंदुआ युवक को घायल अवस्था में छोड़ कर केले के खेत में घुस गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी को दी। क्षेत्रीय वनाधिकारी वन टीम और यूपी 112 पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम ग्रामीणों के साथ केले के खेत में जाल लेकर तेंदुए की तरफ बढ़ रही थी। तभी तेंदुए ने वन टीम पर हमला कर दिया, जिससे वन दरोगा राजेश कुमार दीक्षित, रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी, पीआरवी सिपाही राम सजीवन और एक ग्रामीण इकबाल खां निवासी जुगनूपुर घायल हो गया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। आनन-फानन में सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद मिहीलाल और इकबाल खां व वन दरोगा राजेश दीक्षित को लखीमपुर रेफर कर दिया। मामूली घायल रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी और पीआरवी सिपाही को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। घटना के बाद मौके पर वन टीम के अलावा प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, सीओ शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। उधर, काफी संख्या में ग्रामीणों ने खेत को घेर लिया। वन टीम एवं पुलिस ग्रामीणों को करीब दो घंटे तक समझाती रही। तब जाकर ग्रामीण माने।

# कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा के अंकों को जारी करने के निर्देश

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती, 2023 के मामले में भर्ती बोर्ड के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि वह याची अभ्यर्थियों को उनके लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की जानकारी छः हफ्तों के भीतर प्रदान करें। याची चार हफ्तों के अंदर आवेदन करें और सचिव नियमानुसार अंकों की जानकारी दें। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने मोहित सिंह व 10 अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

मालूम हो कि वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में 60,422 कांस्टेबल पदों पर आवेदन मांगे गए थे, जिसमें लगभग 45 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। लिखित परीक्षा के बाद 1,72,000 अभ्यर्थी उत्तीर्ण घोषित हुए, लेकिन मेडिकल व शारीरिक दक्षता की सूची में केवल 1,27,000 अभ्यर्थियों का नाम ही शामिल किया गया। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए याचियों ने दावा किया कि वे लिखित परीक्षा में सफल हुए थे, लेकिन मेडिकल टेस्ट के लिए उन्हें नहीं बुलाया गया।

# घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लिव इन रिलेशन में रह रही थी महिला, बड़े बेटे पर हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



उर्मिला कटियार

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटो बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं।

इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी। मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

# प्रदेश के 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा।

विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान बिजली गिरने की घटनाएं संभावित हैं। ऐसे में ग्रामीण इलाकों और खेतों में काम कर रहे किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में अगले सात दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। आंधी-तूफान भी देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

# लोक निर्माण मुख्यालय में अब लोकभवन, विस की तर्ज पर ही प्रवेश संभव

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग मुख्यालय लखनऊ के परिसर में अब लोकभवन और विधानभवन की तर्ज पर ही प्रवेश संभव है। यहां आगन्तुकों के प्रवेश के लिए उप्र. सचिवालय प्रवेश नीति-2018 की व्यवस्था को लागू किया गया है। इस प्रक्रिया में अब लखनऊ स्थित लोक निर्माण विभाग मुख्यालय परिसर में प्रवेश के लिए दैनिक प्रवेश पास बनवाना होगा। यह पास विभागीय सक्षम अधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि की स्वीकृति के बाद गेट नं-1 पर स्थित प्रवेश पास काउन्टर पर बनेगा।

प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यालय परिसर में प्रवेश को इच्छुक आगन्तुकों को पहले विभाग में अधिकृत सक्षम अधिकारी के स्तर से व्यक्तिगत तौर पर अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

# मोबाइल निकालने को कुएं में कूदे चाचा-दो भतीजों की मौत

फिरोजाबाद, एजेंसी

- शिकोहाबाद की घटना, कुएं में थी जहरीली मीथेन गैस

जिले के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला पोपी में मंगलवार दोपहर कुएं में गिरे एक मोबाइल को निकालने के प्रयास में चाचा और दो भतीजों सहित तीन लोगों की कथित तौर पर मीथेन गैस से मौत हो गयी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, घटना अपराह्न करीब एक बजे की है, जब ध्रुव (25) अपने चचेरे भाई अजय (28) और चाचा चंद्रवीर के साथ कुएं के किनारे बैठा था।

पुलिस के अनुसार, उसी दौरान उसका मोबाइल फोन कुएं में गिर गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विशु राजा ने बताया कि ध्रुव मोबाइल निकालने के लिए कुएं में कूद गया, लेकिन जब वह आधे घंटे तक वापस नहीं आया तो अजय भी उसकी मदद के लिए कुएं में कूद गया। उन्होंने बताया कि जब दोनों वापस नहीं आए तो चंद्रवीर भी कुएं में उतर गया। उन्होंने बताया कि तीनों के बाहर नहीं आने पर मौके पर एकत्रित लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दी।

अपर जिला अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मौके पर क्षेत्राधिकारी व उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को भेजा गया। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग के कर्मी भी मौके पर पहुंचे और उन्हें ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ नीचे उतारा गया। उन्होंने बताया कि 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची जरूर लेकिन ऑक्सीजन सिलिंडर खराब निकला। सिलिंडर से गैस का रिसाब हो रहा था। दूसरा सिलिंडर एक घंटे बाद लाया जा सका। एडीएम विशु राजा, एसडीएम डॉ. गजेंद्र सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मियों एवं खुद अग्निशमन प्रभारी बृजेश कुमार ने सिलिंडर को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन रिसाव जारी रहा। ऐसे में कुएं से तीनों को बाहर निकलवाने में लगभग दो घंटे की देरी हो गई।



मौत का कुआं। इसी में गिरा था मोबाइल। ● अमृत विचार

फायर ब्रिगेड की लापरवाही के कारण प्रशासनिक अधिकारी भी कुछ नहीं कर सके। यह देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों के बढ़ते हुए गुस्से को देखकर सीओ प्रवीण तिवारी एवं इंस्पेक्टर अनुज राणा ने माइक लेकर सभी ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। दोपहर पौने तीन बजे करीब दूसरा ऑक्सीजन सिलिंडर एवं एफएसओ सतेंद्र पाण्डेय के आने के बाद रेस्क्यू शुरू किया जा सका। तीनों के शवों को कुएं से बाहर निकाला जा सका।

कुएं में ऑक्सीजन का स्तर पता करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर फायर कर्मी को अंदर भेजा, लेकिन 10 फुट नीचे जाते ही मोमबत्ती बुझने लगी। ऑक्सीजन का स्तर की जांच करने के बाद ही फायरकर्मी नीचे गया। उसने पहले चंद्रवीर को बाहर निकाला। इसके बाद उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। दूसरे कर्मचारी ने ध्रुव को बाहर निकाला। जिसके बाद दूसरे फायरकर्मी की भी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद अजय को बाहर निकाला गया। सीएफओ सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि युवकों को कुएं से बाहर लाने के लिए 2.30 घंटे से अधिक का समय लग गया। दो फायरमैन नेत्रपाल और योगेंद्र को ऑक्सीजन सिलिंडर के सहारे कुएं में भेजा गया था। रेस्क्यू में 4-4 किलो के 10 ऑक्सीजन सिलिंडर खाली हो गए।

इधर पूर्व एमएलसी डॉ दिलीप यादव, सपा नेता डा मनोज यादव भी मौके पर पहुंचे । वहीं एडीएम विशु राजा ने बताया कि तीनों की मौत हो गई है। इन सभी मृतकों के परिवारों को दैवीय आपदा के मद से चार – चार लाख रुपये दिलाए जाने के प्रयास किए जाएंगे।

# राजा रघुवंशी बनने से बच गये प्रयागराज के कप्तान निषाद


संवाददाता, प्रयागराज

- पत्नी शादी के बाद प्रेमी भतीजे के साथ ससुराल से भाग चुकी
- शादी के बाद पति को हनीमून पर केदारनाथ लें जाना चाहती थी

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के इंदौर की सोनम और राजा रघुवंशी की कहानी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। ऐसा ही एक मामला संगम नगरी प्रयागराज में भी सामने आया है। हालांकि प्रयागराज के कप्तान निषाद ने पत्नी सितारा देवी के साथ हनीमून पर केदारनाथ जाने से साफ इंकार कर दिया। जिससे उसकी जान बच गई।

यमुनानगर जोन के नैनी के एडीए कॉलोनी के रहने वाले कप्तान निषाद की शादी करछना थाना क्षेत्र के सितारा देवी के साथ 29 अप्रैल को बड़े धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद 2 मई को रिसेप्शन भी हुआ । कप्तान निषाद ने बताया कि दोनों परिवारों की रजामंदी से अरेंज मैरिज हुई थी। शादी के बाद खुशी-खुशी 30 अप्रैल को कप्तान सितारा देवी को विदा कराकर अपने घर लाया था।

रिसेप्शन में भी दोनों ही पक्षों के लोग शामिल हुए थे। पीड़ित पति कप्तान ने बताया कि शादी के दो दिन सब कुछ ठीक रहा लेकिन तीसरे दिन जब पति कप्तान निषाद अपनी पत्नी सितारा देवी के नजदीक जाने की कोशिश की तो सितारा ने चाकू निकाल लिया। उसने कहा कि अगर वह उसके करीब आएगा तो उसे मार देगी या खुद आत्महत्या कर लेगी। पत्नी की धमकी से पति डर गया। पति ने जब पत्नी से पूरे मामले में पूछा तो सितारा ने यह बताया कि उसका अफेयर उसके भतीजे अमन निषाद से चल रहा है। वह उसी के साथ रहना चाहती है।



सितारा देवी और कप्तान निषाद।

पीड़ित पति कप्तान का कहना है कि लड़की मायके चली गई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के बाद दोबारा फिर से लड़की ससुराल आई लेकिन एक-दो दिन के बाद ही लड़की घर से भाग गई। लड़की के घर से भागने की घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सितारा देवी भागने के बाद अपने प्रेमी रिश्ते के भतीजे अमन निषाद के साथ कहीं चली गई थी। हालांकि अब लौटकर घर आ गई है और मायके में रह रही है लेकिन वह अपने प्रेमी रिश्ते के भतीजे भटौती गांव के अमन निषाद के साथ रहना चाहती है।

वहीं पति कप्तान निषाद का कहना है कि उसकी पत्नी उसे हनीमून पर केदारनाथ ले जाने की बात कर रही थी लेकिन पीड़ित पति का कहना है कि हाल में सोनम रघुवंशी और राजा रघुवंशी की घटना के चलते वह केदारनाथ जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। उसे लगा कि कहीं पत्नी सितारा और उसका प्रेमी राजा रघुवंशी की तरह उसे भी ठिकाने ना लगा दें। फिलहाल सोनम की तरह सितारा की बेवफाई से कप्तान निषाद की दुनिया बसने से पहले ही उजड़ गई।

पति कप्तान की मां शांति देवी का कहना है कि बड़े अरमान से बेटे का ब्याह कर बहू को घर लाई थी लेकिन बहू ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। पीड़ित पति को जहां अब शादी के नाम से भी डर लग रहा है। वहीं साथ ही शांति देवी भी कह रही हैं कि अच्छा हुआ कि समय रहते बहू की असलियत का पता चल गया नहीं तो इकलौते बेटे के साथ कोई भी हादसा हो सकता था।

इस मामले में एसीपी करछना अरुण कुमार त्रिपाठी का कहना है कि नैनी थाने में पारिवारिक विवाद को लेकर शिकायत आई है। इस मामले में पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# उपराष्ट्रपति आज से नैनीताल भ्रमण पर

**नैनीताल, अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से तीन दिवसीय भ्रमण पर नैनीताल में रहेंगे।

इसको लेकर हल्द्वानी से नैनीताल के बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। एडीएम प्रशासन विवेक रॉय ने बताया कि उपराष्ट्रपति बुधवार को बरेली एयरपोर्ट से प्रातः 8:50 बजे प्रस्थान कर प्रातः 9:30 बजे आर्मी हेलीपैड हल्द्वानी पहुंचेंगे, जहां से कार द्वारा नैनीताल जाएंगे। सुबह 11 बजे वे कुमाऊं विवि के स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार सुबह शेरवुड कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 12:30 बजे आर्मी हेलीपैड से बरेली एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे।

# मथुरा में बिजली के खंभे से बाइक टकराई, दो युवकों की जलकर मौत

मथुरा, एजेंसी

जिले के मांट थाना क्षेत्र में तेज गति से जा रही एक बाइक बिजली के खंभे से टकराई और उसमें आग लग गई जिससे उस पर सवार दो युवकों की जल कर मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मथुरा जिले के थाना मांट क्षेत्र में सोमवार रात मांट-वृन्दावन रोड पर हाथी बाबा आश्रम के पास तेज गति से जा रही एक बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई और तत्काल उसमें आग लग गई। पुलिस ने बताया कि बाइक पर सवार दो युवकों को भागने का मौका नहीं मिला और जल कर उनकी मौत हो गई। थाना मांट के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जसबीर सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात करीब एक बजे मौके से गुजर रहे अलीगढ़ के फतेली बास-गोरई गांव निवासी आजाद ने यह घटना देखी और पुलिस को इसकी सूचना दी। एसएचओ ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि बाइक सवार दोनों युवक आग लगने के बाद गंभीर रूप से झुलस गए थे और उनकी मौत हो गई। बाइक भी पूरी तरह जल गई थी। दमकलकर्मियों के आग बुझाने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## एक नजर

### वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस होंगे 2.35 लाख सरकारी भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरटीआरडब्ल्यूएच) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 2 लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत आदि शामिल हैं।

### मंत्री से मिला लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उप्र. के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विधान भवन में राजनीतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कई मांगें रखीं। इस दौरान राजनीतिक पेंशन विभाग की प्रमुख सचिव, संयुक्ता समद्दार, विशेष सचिव, मनोज कुमार राय व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानियों की मांगों में राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित वोल्वो एवं प्लेटिनम बसों में एक सहयात्री के साथ नि:शुल्क यात्रा की सुविधा, सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा और राज्य अतिथि गृहों, विश्राम गृहों में कक्ष आवंटित किया जाना शामिल है। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से लोकतंत्र सेनानियों को भी वर्गीकृत किये जाने के लिए अनुरोध किया गया।

# किसानों को पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीएडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी, एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। इस योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### आपातकाल की कांग्रेस नीति पर प्रहार करेगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में संगोष्ठी में जनसंवाद करेंगे।

# डायरी, टैबलेट के साथ प्राइमरी कक्षा में प्रवेश करेंगे शिक्षक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बच्चों की उम्मीदों को पंख देंगे स्मार्ट क्लास, गणित किट व लाइब्रेरी

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालयों की दीवारें उम्मीदों से सजने लगी हैं। शिक्षक डायरी और टैबलेट के साथ कक्षा में प्रवेश करेंगे और स्मार्ट क्लास, गणित किट व लाइब्रेरी बुक्स बच्चों की आंखों में नई रोशनी भरेगी। इसका ताज़ा प्रमाण हाल ही में आयोजित परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में सामने आया है। जहाँ यूपी के कक्षा 3 के छात्रों ने राष्ट्रीय औसत से अधिक अंक अर्जित कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया।

शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 तक बालवाटिका से कक्षा 2 तक के बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणना में ग्रेड स्तर की दक्षता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में सुनियोजित शिक्षण के लिए संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, गणित किट, टीएलएम, लाइब्रेरी बुक्स, शिक्षक डायरी और तालिका जैसे संसाधनों को उपलब्ध कराया जा चुका है। इतना ही नहीं, राज्य के 4.53 लाख से अधिक शिक्षकों व शिक्षामित्रों को ब्लॉक स्तर पर सशक्त किया गया। इससे बच्चों की उम्मीदों पर पंख लगेंगे। कक्षा शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के उपरांत निरंतर शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश के कक्षा 3 के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। राज्य ने भाषा में 68 फीसदी और गणित में 64 फीसदी औसत प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय औसत (भाषा में 64 फीसदी और गणित में 60फीसदी) से चार प्रतिशत अधिक है।

# निजीकरण पर आयोग की रिपोर्ट के बाद शासन में मंथन

## नियामक आयोग जुलाई के शुरु में देगा वृहद रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- संघर्ष समिति ने की सीबीआई जांच की मांग

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के बाद ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर शासन व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन स्तर पर में मंथन शुरू हो गया है। निजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की रणनीति पर विचार-विमर्श जारी है। नियामक आयोग की ओर से जुलाई के शुरुआती दिनों में वृहद रिपोर्ट दिये जाने की संभावना है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

निजीकरण पर नियामक आयोग से अभिमत मांगे जाने पर आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कई वित्तीय खामियां उठाई थीं। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे कहा कि सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के जरिये तैयार की गई रिपोर्ट में कई खामियां हैं। समिति पहले से ही इस कंपनी का विरोध कर रही है।

समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहैल आबिद, चंद्र भूषण उपाध्याय, विवेक सिंह, आरवाई शुक्ला व छोटे लाल दीक्षित ने कहा कि अवैध ढंग से नियुक्त की गई सलाहकार कंपनी से बड़े घोटाले की आशंका बलवती हो गई थी। संघर्ष समिति ने पांच बिंदुओं को सार्वजनिक करते हुए मुख्यमंत्री मांग की है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए निजीकरण के सारे मामले की तत्काल सीबीआई जांच कराई जाए।

# खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद की कोई कमी नहीं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : शाही

**अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग सिखाया जाए। अत्यधिक रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता पर असर पड़ता है।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए चिकित्सक
- 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती को स्वीकृति दी है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### महिला रोग विशेषज्ञों का भी चयन

सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 रेडियोलॉजिस्ट, 11 कंसल्टेंट मेडिसिन, आठ जनरल मेडिसिन, आठ ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है।

### हिंसक जानवरों के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने 57 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च कर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। इसके जरिए बाघ, तेंदुआ, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आए दिन होने वाले संघर्ष से बचाव होगा। इसका खर्च एसडीआरएफ उठाएगी, जल्द ही जरूरी मैन पावर और उपकरणों की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है।

# आगरा के फतेहाबाद का नाम सिंदूरपुरम करने का प्रस्ताव पास

आगरा, एजेंसी

- बादशाही बाग का नाम भी ब्रह्मापुरम करने का प्रस्ताव

आगरा जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में सोमवार को फतेहाबाद कस्बा का नाम बदलकर सिंदूरपुरम और फतेहाबाद स्थित बादशाही बाग का नाम बदलकर ब्रह्मापुरम करने का प्रस्ताव पास हुआ। आगरा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदोरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया।

उन्होंने कहा कि आगरा के फतेहाबाद कस्बे का नाम बदलने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा गया जिसमें कहा गया कि गुलामी के प्रतीक नाम को बदलना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इसके साथ ही फतेहाबाद क्षेत्र के बादशाही बाग का भी नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में मांग की गई कि फतेहाबाद कस्बे का नाम बदलकर ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर सिंदूरपुरम किया जाना चाहिए। बादशाही बाग का नाम बदलकर ब्रह्मोस मिसाइल व ब्रह्मा जी के नाम पर ब्रह्मापुरम किया जाना चाहिए। भदोरिया ने दावा किया कि फतेहाबाद कस्बे का नाम पूर्व के समय में सामूगढ़ हुआ करता था जिसे बाद में बदलकर फतेहाबाद कर दिया गया था। अब ये प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# भागवत कथा क्यों नहीं कह सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं। कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया, उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचक का अपमान कांड हुआ है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मंगलवार को अखिलेश यादव ने आरोप लगाया



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे हैं। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद्भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते है तो सब बोल क्यों नहीं सकते हैं।

# हिंदू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही सरकार : राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर बनी भाजपा सरकार हिन्दू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के स्वरूपों को बदला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने



पत्रकारों को जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

उसको नहीं बदला है, पर भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि अब सरकार की निगाह मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर है। इसके बाद वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं, जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र चारों वेदों के ज्ञाता हैं और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहा है। सरकार इन लोगों पर दबाव डाल रही है।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. 1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4. 1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6. 1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8. 1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10. 1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3. 1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5. 1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7. 1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8. 1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।




### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** — आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरु कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** — आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** — आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।



इंडिया एक्जिम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- **कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता**

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थीं। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक हैं, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

### भारत-ब्रिटेन के समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को कानूनी रूप देने की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है और इस पर जुलाई के अंत तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। समझौता संपन्न करने की प्रक्रिया को गति देने के लिए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल अपने दल के साथ लंदन में हैं। बर्थवाल ब्रिटेन के उद्योग एवं व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के अलावा वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों ने 6 मई को इस समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसके तहत चमड़ा, जूते और कपड़े जैसे श्रम-बहुल उत्पादों के निर्यात पर करों को हटाया जाएगा, जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता होगा।

## कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन

कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।




### कमोडिटी क्या है?

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा- कच्चा तेल, डीजल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

### कैसे करें निवेश

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ: जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट : सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

### निवेश के लाभ

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प:** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव :** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती है। **उच्च लाभ की संभावना :** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

### निवेश के जोखिम

- **उच्च अस्थिरता:** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क:** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी :** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- **मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट**

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# चीन से आयातित छह उत्पादों पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित छह उत्पादों पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने को यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट, अघुलनशील सल्फर, सजावटी कागज व टर्टिएयरी बुटाक्साइड पर लगाया गया है। राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए: सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- **केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। 'ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम' के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले छह गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा, हमारा काम अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और हर क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व पर्याप्त नहीं है। कार्यक्रम में दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा, हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने हालांकि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की समयसीमा का खुलासा नहीं किया।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### कर्नाटक में 8 अफसरों के पास 34.9 करोड़ की संपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त ने मंगलवार को 8 सरकारी अफसरों के खिलाफ छापेमारी की, जिसमें 34.9 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का पता चला। समन्वित छापों में, लोकायुक्त के अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों से जुड़े घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों की तलाशी ली। अलीपुर से जुड़े चार स्थानों पर तलाशी में 6.33 करोड़ की संपत्ति का पता चला, जिसमें एक आवासीय भूखंड, तीन मकान, 3.9 करोड़ की चार एकड़ कृषि भूमि, 64.75 लाख का बैंक बैलेंस, एक करोड़ के आभूषण, 35 लाख के वाहन व 40 लाख के घरेलू सामान हैं।

#### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों की तलाश ली। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह 6 बजे से सुरनकोट और मेंढर में तलाश अभियान चलाया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

#### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार से तीन करोड़ के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576.58 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।



- **शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब**

### न्याय का उपहासः जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- **राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया**

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# रक्षा मंत्रालय ने किए 13 खरीद अनुबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सेना के आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करने के लिए शुरू की गई पहल**

रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ावा देने के वास्ते आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद कार्यक्रम के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है।

भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। आपात खरीद तंत्र के तहत विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट और बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को मजबूत करने के वास्ते एक अहम कदम के रूप में रक्षा मंत्रालय ने आपात खरीद तंत्र के तहत 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

# सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और कई अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे। संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है।

### बारिश बनी मुसीबत



गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 400 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे मंगलवार को शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, कई आवासीय परिसर जलमग्न हो गए। इस दौरान बाढ़ग्रस्त इलाके से गुजरते लोग। एजेसी

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, फुटेज व मतदाता सूची करें जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया।

### भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर कांग्रेस का घेराव करते हुए कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

# लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

# कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर की लोकतंत्र की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

आपातकाल को बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से हाथ मिलाने वाले द्रमुक, सपा नेताओं और अन्य पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक ऐसी पार्टी के साथ बैठे हैं जिसने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की।

आपातकाल के 50 वर्ष कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 25 जून, जिस दिन आपातकाल लगा था, हर किसी को याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए किस हद तक जा सकती है। किसी घटना पर चर्चा की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाने वालों से शाह ने कहा कि आपातकाल जैसी घटना, जिसने संविधान की हत्या की, उसे कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि ऐसी परिस्थितियां फिर आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि देश कभी भी तानाशाही को स्वीकार नहीं करेगा। आपातकाल को परिभाषित करना कठिन है, लेकिन उन्होंने एक परिभाषा देने की कोशिश की है आपातकाल लोकतांत्रिक देश के बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश थी।

उन्होंने कहा कि 1975 के आपातकाल को 50 साल हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही की यादें अभी भी ताजा हैं। आपातकाल लागू होने के बाद देश भर में 1.1 लाख लोगों - विपक्षी नेताओं, छात्र कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और संपादकों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गुजरात और तमिलनाडु में गैर-कांग्रेसी सरकारों को बर्खास्त कर दिया था। शाह ने कहा, जो लोग अब कांग्रेस के साथ खड़े हैं, वे ऐसे लोग हैं जिनकी सरकारें उस समय गिर गयी थीं और जिन्हें 19 महीने तक जेल में रहना पड़ा था। । वहीं इस दौरान शाह ने कई आपातकाल का विरोध करने वाले कई लोगों को सम्मानित भी किया।



आपातकाल का विरोध करने वाले भाजपा नेता ओपी बब्बर को सम्मानित करते अमित शाह।

- **द्रमुक, सपा नेताओं और अन्य पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साध निशाना**

# पीएमएमएल की बैठक में उठा नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। पीएमएमएल की 47वीं बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई। अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया था।

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया

## गेंदबाजों ने किया निराश और फील्डिंग भी रही ढीली, बेन डकेट ने लगाया शतक, 77 साल बाद आखिरी दिन 350 रन चेज




बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

भारतीय गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन और ढीली फील्डिंग का पूरा फायदा उठाते हुए बेन डकेट के शानदार शतक की मदद से इंग्लैंड ने 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल करके पहले टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को भारत को 5 विकेट से हरा दिया। 77 साल बाद कोई टीम आखिरी दिन 350 रन बनाकर मैच जीती है। 1948 में डॉन ब्रेडमैन की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ ही 404 रन बनाकर जीत हासिल की थी।

**बेन डकेट की शतकीय पारी :** डकेट ने 170 गेंद में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 149 रन बनाये जबकि जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी करके भारत की मैच में वापसी के सारे रास्ते बंद कर दिये थे। इसके बाद जो रूट ने 53 और जैमी स्मिथ ने 44 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पांच मैचों की श्रृंखला में अब इंग्लैंड 1-0 से आगे है।

**पांच शतक काम न आए :** भारत की ओर से इस मैच में पांच शतक बने, लेकिन इसके बावजूद टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके लिए खराब क्षेत्ररक्षण भी जिम्मेदार रहा चूंकि भारतीयों ने कई कैच टपकाये।

**गेंदबाजी रही असफल :** जसप्रीत बुमराह को दूसरे छोर से गेंदबाजी में सहयोग नहीं मिल पाने से भी भारत की मुश्किलें बढ़ी। भारतीय गेंदबाजों ने सिर्फ दूसरी पारी में ही 44 चौके और तीन छक्के दे डाले। पहली पारी में 54 चौके और पांच छक्के लगे थे। दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में अभी समय है लेकिन गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव तय है ताकि मैच में पूरे 20 विकेट लिये जा सकें। आखिरी सत्र में रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उस समय इंग्लैंड को 69 रन की जरूरत थी लिहाजा रूट ने 150 से अधिक टेस्ट के अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करके युवा स्मिथ के साथ मेजबान को मंजिल तक पहुंचाया। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने चार कैच टपकाये।

**संभलकर खेला इंग्लैंड :** बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 19 ओवर में 57 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे कृष्णा ने 15 ओवर में 92 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में राहुल के हाथों लपकवाया। इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी।

**जडेजा नहीं चले :** जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। एक रिवर्स स्वीप पर उन्होंने चौका लगाया तो दूसरी पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का जड़ा।



कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य मैच के दौरान तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

### कप्तान की अनुभवहीनता नजर आई, कुलदीप की कमी खली

कप्तान गिल की अनुभवहीनता भी साफ नजर आई जिनके कुछ फैसले और रणनीति सटीक नहीं रही। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल कप्तानी कर रहे हैं। इस हार के साथ ही पारंपरिक प्रारूप में कोच गौतम गंभीर का रिकॉर्ड और खराब हो गया। गंभीर के कोच रहते भारत अब 11 में से सात टेस्ट हार चुका है। यह आंकड़ा दोहरे अंकों में भी पहुंचने का डर है क्योंकि बुमराह बाकी चार में से दो मैच नहीं खेलेंगे। शार्दुल ठाकुर ने पूरे मैच में 16 ओवर डाले और दो विकेट चटकाये। रविंद्र जडेजा जिस तरह से लय के लिये जूझते नजर आये, कुलदीप यादव को नहीं खिलाने के फैसले पर टीम प्रबंधन जरूर मलाल कर रहा होगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने मैच में पांच विकेट लिये लेकिन जिस तरह से उनकी गेंदों पर चौके पड़े हैं, वह भरोसेमंद गेंदबाज नजर नहीं आते।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

**भारत दूसरी पारी : 364 रन**

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**373/5** (82 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो कृष्णा | 65 |
| बेन डकेट का रेड्डी बो ठाकुर | 149 |
| ओली पोप बो कृष्णा | 08 |
| जो रूट नाबाद | 53 |
| हैरी ब्रूक का पंत बो ठाकुर | 00 |
| बेन स्टोक्स का गिल बो जडेजा | 33 |
| जैमी स्मिथ नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** बुमराह 19-3-57-0, सिराज 14-1-51-0, जडेजा 24-1-104-1, कृष्णा 15-0-92-2, ठाकुर 10-0-51-2



इंग्लैंड के जो रूट साथी बल्लेबाज जेमी स्मिथ के साथ जीत के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### निचले क्रम पर रन नहीं बनने और कैच छूटने से मैच गंवाया : गिल

**लीड्स :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच विकेट से मिली हार के बाद स्वीकार किया कि निचले क्रम के बल्लेबाजों से रन नहीं बन पाना हार का अहम कारण रहा। उपकप्तान ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जमाया जबकि गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भी शतक बनाये लेकिन भारत दोनों पारियों में अपेक्षित बड़ा स्कोर नहीं बना सका और कई अहम कैच भी छूटे। गिल ने मैच के बाद कहा यह शानदार टेस्ट मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन हमने कैच छोड़े और निचले क्रम से भी रन नहीं बने। लेकिन टीम पर गर्व है और कुल मिलाकर अच्छा प्रयास था। कल हम 430 के करीब रन बनाकर पारी घोषित करने की सोच रहे थे लेकिन निचले क्रम पर रन नहीं बनने से मुश्किल हो गई। उन्होंने कहा हमने निचले क्रम के योगदान पर बात की लेकिन यह इतनी जल्दी (विकेटों का पतन) हो गया। हमें आने वाले मैचों में इसमें सुधार करना होगा। उन्होंने कैच छूटने पर अपने क्षेत्ररक्षकों का बचाव करते हुए कहा इस तरह की विकेटों पर आसानी से मौके नहीं मिलते। यह युवा टीम है और सीख रही है। उम्मीद है कि इन पहलुओं पर आगे बेहतर प्रदर्शन होगा।

## एक नजर

### अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार



**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।



भारत के नीरज चोपड़ा चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट के दौरान पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

# नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट में खिताब जीता

**ओस्ट्रावा, एजेंसी**

पेरिस डायमंड लीग जीतने के चार दिन बाद भारत के भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक मीट में पहली बार खेलते हुए खिताब अपने नाम किया।

चोपड़ा ने 20 जून को पेरिस डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने यहां विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के गोल्ड टूर्नामेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच 85.29 मीटर का थ्रो फेंकते हुए खिताब जीता। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता।

# शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



# दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।





- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# देश ने 21 महीने तक झेला आपातकाल का काला दौर





**आपातकाल के 50 साल**

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया था जो 21 मार्च 1977 तक कुल 21 महीने लागू रहा था। आपातकाल का कानूनी आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 था जो आंतरिक अशांति के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल लागू करने की अनुमति देता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध ठहराए जाने से पैदा हुई राजनीतिक अस्थिरता, सरकार के खिलाफ जयप्रकाश नारायण के व्यापक जनांदोलन और कानून व्यवस्था और प्रशासनिक नियंत्रण को कारण बताकर ये फैसला देश पर थोपा गया था। हालांकि, आपातकाल ने यह भी दिखाया कि लोकतंत्र को कमजोर करना तो संभव है, लेकिन स्थाई रूप से नहीं। आपातकाल के बाद जब जनता जागी तो 1977 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस को पहली बार हार का सामना करना पड़ा।

### देश में ये सब हुआ आपातकाल के दौरान

- संसद और विधानसभाओं की शक्तियां सीमित कर लोकतंत्र का हनन किया गया।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकार निलंबित हो गए।
- तमाम विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया।
- समाचार पत्रों पर सरकार की निगरानी शुरू हुई, खबरों को सेंसर किया जाने लगा।
- संजय गांधी के नेतृत्व में कई जगह जबरन नसबंदी करवाई गई, खासकर गरीबों में।
- भय और दमन के चलते आम लोग सरकार के खिलाफ बोलने से डरने लगे।

### अब तक राजनीतिक मुद्दा

आपातकाल को 50 वर्ष गुजर चुके हैं लेकिन राजनीतिक तौर पर देश में ये अब भी मुद्दा बना हुआ है। भाजपा और विपक्षी दल अक्सर कांग्रेस को आपातकाल के लिए दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस बचाव में कोई कोई जवाब नहीं दे पाती।

### कुछ बदलाव भी हुए

- देश में प्रशासनिक अनुशासन बढ़ा, ट्रेनें समय पर चलने लगीं, सरकारी कामकाज की रफ्तार तेज हो गई।
- सरकारी दावे के मुताबिक अपराधों में कुछ गिरावट आई और कानून व्यवस्था की स्थिति भी कुछ हद तक सुधरी।
- जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा मिला लेकिन इसका तरीका काफी विवादित रहा था।
- लोकतंत्र और मानवाधिकारों की कीमत पर हुए इन फायदों को स्वीकार नहीं किया गया।

### आपातकाल का घटनाक्रम

- 12 जून 1975 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द किया।
- 25 जून 1975 राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल घोषित किया।
- 26 जून 1975 अखबारों की प्रेस पर ताले गए, सेंसरशिप लागू कर दी गई।
- जुलाई 1975 विरोध में आंदोलन, हजारों विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी की गई।
- 1976 देश में नसबंदी अभियान शुरु, हजारों लोगों की नसबंदी हुई।
- जनवरी 1977 केंद्र ने चुनाव की घोषणा कर आपातकाल हटाने के संकेत दिए।
- 21 मार्च 1977 आपातकाल समाप्त, चुनावों में कांग्रेस की चुनाव में हार।

### लोकनायक का उदय

आपातकाल विरोधी आंदोलन के अगुवा जयप्रकाश नारायण को लोकनायक की उपाधि मिली। आपातकाल ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस जैसे प्रमुख विपक्षी नेता पैदा किए।

## एक नजर

### इंडोनेशियाः आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और 7 विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### कोर्ट ने खारिज की इमरान खान की जमानत याचिका

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को नौ मई के दंगों से संबंधित आठ आतंकवाद मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान पर नौ मई, 2023 की हिंसा के संबंध में लाहौर में कई मामले दर्ज हैं।

### बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण

**ढाका।** आईएमएफ ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था।

### एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में

**नई दिल्ली।** सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है। चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत 2024 में 109वां, 2023 में 112वां, 2022 में 121वां, 2021 में 120वां, 2020 में 117वां, 2019 में 115वां, 2018 में 112वां और 2017 में 116वां स्थान पर था।

### रथ यात्रा के लिए शुरू हुआ पूर्वी तटीय रेलवे ऐप

**भुवनेश्वर।** रथ यात्रा के दौरान पुरी आने वाले श्रद्धालुओं को रेल सेवाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने मंगलवार को मोबाइल ऐप ईसीओआर यात्रा शुरु की। पूर्वी तटीय रेलवे के अनुसार, यह एंड्रॉयड आधारित ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और त्योहार की सारी जानकारी देगा।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार को ईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### ट्रंप का दावा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दावा किया कि इजराइल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम नष्ट हो गया है। नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, ईरान कभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा। उनकी परमाणु क्षमताएं खत्म हो गई हैं। बाद में सोशल मीडिया पर कहा कि इजराइल ईरान पर आगे कोई हमला नहीं करेगा और सभी सैन्य विमान लौट जाएंगे, क्योंकि दोनों देशों में युद्ध विराम प्रभावी है। अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, सभी विमान वापस लौटेंगे और ईरान की ओर दोस्ताना 'प्लेन वेव' करते हुए घर लौटेंगे।

### ईरान-इजराइल से करीब 3100 भारतीयों को निकाला

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान और इजराइल से मंगलवार को अपने 3100 से अधिक नागरिकों को निकाला। दोनों देशों से 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अब तक 3,170 लोगों को सुरक्षित लाया गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के भारीभरकम सी-17 विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से लाया, जिन्हें पहले इजराइल से भूमि मार्ग से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था। इसके अलावा, 161 भारतीयों को सड़क मार्ग से इजराइल से जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचाने के बाद विशेष विमान से स्वदेश लाया गया। मंगलवार को दो विशेष उड़ानों के जरिये 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। मंत्रालय ने बताया कि ईरान से निकाले गए लोगों के नए जत्थों के साथ, भारत अब तक फारस की खाड़ी के इस देश से 2,576 भारतीयों को वापस ला चुका है।


# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंट में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को जूतों की माला पहना घुमाया

- जम्मू पुलिस की करतूत, एसएसपी ने दिया जांच का आदेश

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू के मध्य क्षेत्र में मंगलवार को एक संदिग्ध चोर को सार्वजनिक रूप से जूतों की माला पहनाकर पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठा घुमाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जांच शुरू की गयी है।

सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वहां मौजूद लोग इस कृत्य पर तालियां बजाते और खुशी मनाते हुए नजर आ रहे हैं। जहां कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की वैधता और नैतिकता पर सवाल उठाए हैं तो वहीं कुछ लोगों ने इसे जंगल राज करार दिया है। जम्मू के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने घटना की निंदा करते हुए इस मामले में विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

आरोपी कश्मीर का निवासी है और गिरफ्तारी के समय नशे की हालत में था। उसे एक अस्पताल के पास पीछा करने के बाद पकड़ा गया। बख्शी नगर पुलिस थाने के थाना प्रभारी आजाद मन्हास ने बताया कि आरोपी उस गिरोह का है, जिसका हाल ही में इस इलाके में भंडाफोड़ हुआ था। कुछ दिन पहले दवा खरीदते समय एक व्यक्ति से 40,000 रुपये लूट लिये गए थे, हालांकि वह व्यक्ति चोर को पहचानकर उससे भिड़ गया था।



पुलिस की गाड़ी पर बैठा चोरी का आरोपी।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

- चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# बीजिंग में चीनी उपराष्ट्रपति हान से मिले डोभाल

- एससीओ की बैठक में उठाया सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा

**बीजिंग, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों के साथ यहां चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। एससीओ अधिकारियों के साथ बैठक में झेंग ने सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डोभाल ने अपने संबोधन में सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हान के हवाले से कहा कि चीन स्थायी सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को बनाए रखने, पारस्परिक लाभ और सबके लिए लाभदायक परिणामों की खातिर कानून के शासन की भावना के अनुरूप एससीओ के अन्य सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। हान ने कहा कि चीन समानता और एकजुटता को बनाए रखेगा, ताकि साझा शासन, सहयोग और क्षमता निर्माण को बढ़ाया जा सके और अनिश्चितताओं और अस्थिरताओं से जूझ रही दुनिया में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने में एससीओ की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके।

डोभाल ने एससीओ से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है। डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है।



### नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 24 लोगों की मौत, 200 घायल

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी है।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने भी रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी

# उदयपुर में फ्रांसीसी पर्यटक से दुष्कर्म

**जयपुर।** उदयपुर शहर में फ्रांस की एक पर्यटक के साथ दुष्कर्म कर आरोपी फरार हो गया। आरोप है कि आरोपी पर्यटक को एक पार्टी से बहला-फुसलाकर अपने किराए के अपार्टमेंट में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना सोमवार को बड़गांव थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार 22 जून को दिल्ली से उदयपुर पहुंची महिला अंबामाता क्षेत्र के एक होटल में ठहरी थी। पीड़िता की मेडिकल जांच के बाद केस दर्ज किया गया है। पीड़िता आरोपी के संपर्क में कैसे आई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला टाइगर हिल स्थित 'द ग्रीक फार्म कैफे एंड रेस्ट्रो' में एक पार्टी में गई थी, जहां उसे आरोपी सिद्धार्थ मिला। आरोपी ने उसे आसपास की जगहें दिखाने के बहाने बाहर बुलाया और उसे सुखेर में अपने किराये के अपार्टमेंट में ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया।

**राहत भरी खबर** | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।